Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक
गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 07 अंक: 142 | सोमवार, 01 जून-2026 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

# सूर्या हत्याकांड में पुलिस का बड़ा एक्शन

# 50 हजार का इनामी असद मुठभेड़ में ढेर, तीन साथी गिरफ्तार



सूर्या चौहान



आरोपी असद








**कपिल चौहान**

**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** खोड़ा थाना क्षेत्र में हुए चर्चित सूर्या चौहान हत्याकांड में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। हत्या के मुख्य आरोपी और 50 हजार रुपये के इनामी बदमाश असद को पुलिस ने मुठभेड़ में मार गिराया है।

वहीं, मामले में शामिल तीन अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया गया है।इस दौरान हुई मुठभेड़ में थाना खोड़ा का एक सिपाही भी घायल हो गया। पुलिस ने मौके से एक अवैध पिस्टल और घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की है। एक अन्य आरोपी अभी भी फरार है, जिसकी तलाश में पुलिस की टीमें लगातार दबिश दे रही हैं। पुलिस के अनुसार, 28 मई 2026 को खोड़ा निवासी सूर्यप्रताप पर असद और उसके साथियों ने हमला कर दिया था। आरोप है कि असद ने सूर्यप्रताप के पेट में चाकू मारकर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया था। घटना के बाद घायल युवक को तत्काल नोएडा के फोर्टिस अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज चल रहा था। परिजनों की शिकायत पर थाना खोड़ा में मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी थी।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने विशेष टीमों का गठन किया और सीसीटीवी फुटेज, स्थानीय सूचना तंत्र तथा तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर जांच आगे बढ़ाई। विवेचना के दौरान पुलिस ने असद, नवाब, फरहान, आतिफ और सारिक मेवाती समेत अन्य लोगों को नामजद किया। इसी बीच 30 मई को उपचार के दौरान सूर्यप्रताप की मौत हो गई, जिसके बाद मुकदमे में हत्या की धारा बढ़ा दी गई और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान तेज कर दिया गया।

डीसीपी धवल जायसवाल ने बताया कि मुख्य आरोपी असद घटना के बाद से लगातार फरार चल रहा था और उसकी गिरफ्तारी पर 50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। शनिवार और रविवार की मध्यरात्रि पुलिस द्वारा संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान वसुंधरा पुलिया के पास एक मोटरसाइकिल पर सवार दो संदिग्ध युवक दिखाई दिए। पुलिस ने उन्हें रोकने का प्रयास किया, लेकिन आरोपियों ने रुकने के बजाय पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी।

पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की, जिसमें असद गोली लगने से गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मुठभेड़ के दौरान थाना खोड़ा का एक पुलिसकर्मी भी घायल हुआ। वहीं, असद का साथी अंधेरे का लाभ उठाकर मौके से फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश में लगातार कॉम्बिंग अभियान चला रही है।

उधर, पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर हत्या के मामले में वांछित तीन अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान नवाब पुत्र शेर अली, फरहान पुत्र अगवान अली तथा आतिफ पुत्र ताज उर्फ बाबू के रूप में हुई है।

तीनों को चौधरी चरण सिंह गेट के पास से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में पुलिस को घटना से जुड़े कई महत्वपूर्ण सुराग मिलने की बात कही जा रही है।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि सूर्या चौहान हत्याकांड में शामिल सभी आरोपियों को कानून के दायरे में लाने के लिए अभियान जारी है। अब तक एक आरोपी मुठभेड़ में मारा जा चुका है, तीन आरोपी गिरफ्तार किए जा चुके हैं और एक आरोपी की तलाश की जा रही है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही फरार आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में पुलिस की सक्रियता की चर्चा है। वहीं, मृतक सूर्यप्रताप के परिजनों ने आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए पुलिस की कार्रवाई पर संतोष जताया है। हत्याकांड को लेकर पूरे क्षेत्र में लोगों की नजर अब पुलिस की आगे की कार्रवाई पर टिकी हुई है।

## मुख्यमंत्री राहत कोष से मिली सूर्या चौहान के परिवार को आर्थिक सहायता

### मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से पीड़ित परिवार को पांच लाख रुपये की सहायता स्वीकृत, रोजगार उपलब्ध कराने का भी आश्वासन





**कपिल चौहान**

**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** खोड़ा कॉलोनी निवासी सूर्या चौहान के निधन के बाद उनके परिवार को आर्थिक संबल प्रदान करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से पांच लाख रुपये की सहायता राशि स्वीकृत की गई है। यह सहायता राशि सूर्या चौहान की माता सरोज पत्नी कौशलेन्द्र सिंह चौहान के नाम स्वीकृत की गई है। जिला प्रशासन ने इसे परिवार के भरण-पोषण और भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए एक महत्वपूर्ण कदम बताया है। जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मॉंदड़ ने जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से यह आर्थिक सहायता उनकी संस्तुति के आधार पर स्वीकृत कराई गई है। उन्होंने कहा कि परिवार को इस कठिन समय में हर संभव सहयोग उपलब्ध कराया जाएगा ताकि उन्हें आर्थिक संकट का सामना न करना पड़े।

जिलाधिकारी ने बताया कि आर्थिक सहायता के अतिरिक्त पीड़ित परिवार के एक सदस्य को नगर पालिका के माध्यम से रोजगार उपलब्ध कराने की प्रक्रिया भी शुरू की जाएगी। इससे परिवार को नियमित आय का स्रोत प्राप्त होगा और उनके जीवनयापन में सहूलियत मिलेगी। प्रशासन का प्रयास है कि सहायता केवल तत्काल राहत तक सीमित न रहे, बल्कि परिवार को दीर्घकालिक आर्थिक सुरक्षा भी मिल सके।

मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा जारी आदेश के अनुसार निर्धारित प्रक्रिया पूरी होने के बाद सहायता राशि लाभार्थी के खाते में हस्तांतरित की जाएगी। प्रशासनिक अधिकारियों ने कहा कि सभी औपचारिकताएं शीघ्र पूरी कर परिवार को राहत प्रदान की जाएगी।

इस अवसर पर सांसद अतुल गर्ग, कैबिनेट मंत्री सुनील कुमार शर्मा, जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मॉंदड़, एसडीएम अरुण दीक्षित सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे। सभी ने परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए उन्हें हरसंभव सहायता का भरोसा दिलाया।

जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने कहा कि दुख की इस घड़ी में शासन और प्रशासन परिवार के साथ खड़ा है। उन्होंने आश्वासन दिया कि परिवार की अन्य आवश्यकताओं और समस्याओं पर भी गंभीरता से विचार किया जाएगा तथा जरूरत पड़ने पर अतिरिक्त सहायता उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा। सूर्या चौहान के निधन से परिवार पर आए संकट को देखते हुए मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से मिली यह सहायता राहत का बड़ा आधार मानी जा रही है। स्थानीय लोगों ने भी शासन और प्रशासन द्वारा उठाए गए इस कदम का स्वागत करते हुए उम्मीद जताई है कि इससे पीड़ित परिवार को कठिन परिस्थितियों से उबरने में मदद मिलेगी।

## सीबीएसई के ट्रोल हुए छात्रों से राहुल गांधी ने की मुलाकात, मोदी सरकार पर साधा निशाना

**वेलकम इंडिया, नेटवर्क**

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने सीबीएसई 12वीं क्लास के उन छात्रों से मुलाकात की है, जिन्हें सोशल मीडिया पर राष्ट्र-विरोधी, पाकिस्तानी और सोरोस का एजेंट कहकर निशाना बनाया जा रहा था। दरअसल, 12वीं बोर्ड के नतीजे आने के बाद इन छात्रों ने अपनी आंसर शीट की गड़बड़ियों को लेकर आवाज उठाई थी।

एक छात्र के इस दावे के बाद भारी हंगामा मच गया था कि बोर्ड ने उसके रोल नंबर पर किसी और की आंसर शीट अपलोड कर दी है। बाद में सीबीएसई ने अपनी गलती मानी और जांच तेज करने की बात कही। राहुल गांधी ने 'एक्स' पर छात्रों के साथ बातचीत का एक वीडियो शेयर किया। उन्होंने तंज कसते हुए लिखा, 'मेरे साथी राष्ट्र-विरोधी सोरोस एजेंटों के साथ एक दिलचस्प बातचीत।'राहुल गांधी ने आगे कहा, 'वेदांत और उसके दोस्त बहुत होशियार और बहादुर युवा भारतीय हैं, जिन्होंने सीबीएसई और मोदी सरकार से कुछ सीधे-सादे सवाल पूछे थे, लेकिन उन्हें जवाब के बदले अपमान मिला। वे एक उज्ज्वल और सुरक्षित भविष्य के हकदार हैं और हम यह पक्का करेंगे कि उन्हें वह मिले।'



यह मुलाकात तब हुई जब सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन ने अपनी गलती स्वीकार कर ली। बोर्ड ने माना था कि छात्र वेदांत श्रीवास्तव के रोल नंबर के तहत फिजिक्स की एक गलत आंसर शीट अपलोड हो गई थी। इस तकनीकी गड़बड़ी के सामने आने के बाद बोर्ड ने छात्र को उसकी सही आंसर शीट भेज दी है। राहुल गांधी ने वीडियो शेयर करते हुए उन लोगों की कड़ी आलोचना की, जिन्होंने वेदांत को ऑनलाइन ट्रोल किया था।


### आंसर शीट मांगने पर कहा 'पाकिस्तानी'

राहुल गांधी से बातचीत के दौरान छात्र वेदांत ने सोशल मीडिया पर हुए दुर्व्यवहार का दर्द साझा किया। छात्र ने बताया, 'वे हमें राष्ट्र-विरोधी और पाकिस्तानी कहने लगे। कुछ लोगों का मानना था कि हम कोई 'डीप स्टेट' के एजेंट हैं, जो भारत में अशांति फैलाने की कोशिश कर रहे हैं।' छात्र की बात सुनकर राहुल गांधी ने ऑनलाइन हमलों की निंदा की और कहा, 'आपका इस सब से कोई लेना-देना नहीं है। आप तो बस अपनी आंसर शीट मांग रहे हैं, और अचानक आप राष्ट्र-विरोधी बन गए।'

### समस्या हल करने के लिए उसे मानना जरूरी

विपक्ष के नेता ने इस मुद्दे पर सरकार को भी आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा, 'अगर आप किसी समस्या को हल करना चाहते हैं, तो आपको पहले उस समस्या को स्वीकार करना होगा।आप बस इस बात को मानने से इनकार कर रहे हैं कि असल समस्या क्या है। आप बेचारे बच्चों पर इल्जाम लगा रहे हैं और कह रहे हैं कि आप डीप स्टेट हैं, आप जासूस हैं या आतंकवादी हैं। यह बिल्कुल गलत है।'

## दिल्ली-यूपी समेत 19 राज्यों में दिखेगा मौसम का रौद्र रूप, रहें सावधान



**वेलकम इंडिया, नेटवर्क**

**नई दिल्ली।** देश में मौसम एक बार फिर करवट लेने वाला है। मई के आखिरी हफ्ते में मौसम का जो बदला हुआ मिजाज देखने को मिला है, वह जून की शुरूआत में भी जारी रहेगा। मौसम विभाग ने 1 जून को दिल्ली, यूपी और बिहार समेत देश के 19 राज्यों में आंधी और भारी बारिश की चेतावनी जारी की है।इस दौरान लोगों से बेहद सावधान रहने की अपील की गई है। आईएमडी के मुताबिक, बारिश के साथ-साथ 90 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से भीषण आंधी चलने की आशंका है। मौसम विभाग ने किसानों और मछुआरों को बेवजह नदी किनारे न जाने की सलाह दी है, क्योंकि तेज आंधी की वजह से उत्तर भारत के कई जिलों में पेड़-पौधे उखड़ सकते हैं। इसके साथ ही कई राज्यों में ओले गिरने की भी चेतावनी दी गई है। पहाड़ी इलाकों की यात्रा करने वाले लोगों से भी मौसम का अपडेट देखकर ही निकलने को कहा गया है। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक, उत्तर-पश्चिमी उत्तर प्रदेश के ऊपर निचले और मध्य क्षोभमंडलीय स्तरों में एक चक्रवाती परिसंचरण (साइक्लोनिक सकुर्लेशन) बनता नजर आ रहा है। इसके साथ ही पूर्वी मध्य और दक्षिणपूर्वी बंगाल की खाड़ी के ऊपर भी एक चक्रवाती सिस्टम बना हुआ है। इन्हीं मौसमी बदलावों के कारण देश के एक बड़े हिस्से में आंधी-पानी का यह प्रहार देखने को मिलेगा। मौसम विभाग ने जिन 19 राज्यों के लिए मूसलाधार बारिश और आंधी का अलर्ट जारी किया है, उनमें उत्तर प्रदेश, बिहार, दिल्ली, झारखंड, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा, पंजाब, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, तमिलनाडु, केरल, असम, त्रिपुरा और नागालैंड शामिल हैं। इस दौरान पूर्वी राज्यों में बिजली और वज्रपात (आकाशीय बिजली) का भी कहर देखने को मिल सकता है।

## गोल्ड मेडलिस्ट पैरा एथलीट चिराग त्यागी की गोली मारकर हत्या, अपने ही साथी ने किया मर्डर

**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**गाजियाबाद।** पैरा एथलीट चिराग त्यागी की गाजियाबाद में गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी यश खटीक को हिरासत में लिया है, जिसने हत्या की बात कबूल की। चिराग ने हाल ही में राष्ट्रीय पैरा एथलेटिक्स प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीता था और अक्टूबर में पैरा एशियन गेम्स के लिए जापान जाने वाले थे। अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत का नाम रोशन करने का सपना देखने वाले 24 साल के युवा पैरा एथलीट चिराग त्यागी की बेरहमी से गोली मारकर हत्या कर दी गई है। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए उउळश फुटेज के आधार पर एक संदिग्ध को हिरासत में लिया था, जिसने पूछताछ में अपना गुनाह कबूल कर लिया है। पुलिस को दोपहर तीन बजे के बाद सूचना मिली कि गाजियाबाद के साईं कुंज इलाके में एक युवक का शव पड़ा हुआ है। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लिया। मृतक की पहचान 24 साल के चिराग त्यागी के रूप में हुई।



शव को पहली नजर में देखने से ही साफ पता चल रहा था कि किसी ने चिराग को बहुत करीब से गोली मारी है, जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। पुलिस ने शुरूआत से ही इसे हत्या का मामला मानकर अपनी जांच आगे बढ़ाई।

### सीसीटीवी फुटेज से खुला हत्या का राज, आरोपी गिरफ्तार

पुलिस ने घटनास्थल और उसके आसपास के इलाकों के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को खंगालना शुरू किया। फुटेज की जांच के दौरान पुलिस को एक संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दिया। उसकी पहचान यश खटीक के रूप में हुई। पुलिस ने यश खटीक को हिरासत में ले लिया। जब पुलिस ने यश से कड़ाई से पूछताछ की, तो उसने चिराग त्यागी की हत्या करने की बात स्वीकार कर ली।

चिराग की हत्या करने वाला यश खटीक उनका ही एक पुराना साथी पैरा ओलंपिक खिलाड़ी है। पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि वो भी एक पैरा ओलंपिक खिलाड़ी है। उसने पुलिस को बताया कि वो पहले चिराग त्यागी के साथ ही स्कूल में खेल की प्रैक्टिस किया करता था। ये दोनों खिलाड़ी 'ब्लाइंड कैटेगरी' के तहत एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेते थे।

यश ने बताया कि कुछ समय पहले डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन का एक मामला सामने आया था। उस मामले में चिराग त्यागी ने यश खटीक के खिलाफ एक शिकायत दर्ज करा दी थी। चिराग की इस शिकायत की वजह से यश का क्वालिफिकेशन रद्द कर दिया गया और वो खेल प्रतियोगिता से बाहर हो गया।

क्वालिफिकेशन कैंसल होने के बाद से ही यश खटीक, चिराग त्यागी से बेहद नाराज चल रहा था। उसके सिर पर बदला लेने का खून सवार था। बदला लेने के लिए उसने एक पिस्तौल का इंतजाम किया और मौका पाकर चिराग की हत्या कर दी।

चिराग त्यागी गाजियाबाद के मुरादनगर क्षेत्र के बसंतपुर सैंथली गांव के रहने वाले थे। वो देश के सबसे उभरते हुए पैरा खिलाड़ियों में से एक थे। अभी महज दो दिन पहले ही उन्होंने बेंगलुरु में आयोजित राष्ट्रीय पैरा एथलेटिक्स प्रतियोगिता की 400 मीटर दौड़ में गोल्ड मेडल जीता था।

## संपादक की कलम से

# परीक्षण पर स्मृति

न्याय व्यवस्था में प्रत्यक्षदर्शी की गवाही को लंबे समय से सबसे प्रभावशाली साक्ष्यों में से एक माना जाता रहा है। जब कोई व्यक्ति अदालत में खड़े होकर यह कहता है कि 'मैंने अपनी आंखों से यह घटना देखी है', तो उसका बयान न्यायाधीशों, वकीलों और जूरी पर गहरा प्रभाव डालता है। किंतु आधुनिक विज्ञान ने यह दिखाया है कि मानव स्मृति उतनी भरोसेमंद नहीं है जितना हम अक्सर मान लेते हैं। पिछले कुछ दशकों में मनोविज्ञान और तंत्रिका विज्ञान (न्यूरोसाइंस) के क्षेत्र में हुए शोधों ने यह स्पष्ट किया है कि स्मृति एक स्थिर रिकॉर्डिंग नहीं, बल्कि लगातार पुनर्निर्मित होने वाली प्रक्रिया है। यही कारण है कि आज एक नया विज्ञान यह समझने का प्रयास कर रहा है कि प्रत्यक्षदर्शी गवाही पर कब और कितना भरोसा किया जाना चाहिए। लंबे समय तक यह धारणा रही कि मानव मस्तिष्क किसी वीडियो कैमरे की तरह घटनाओं को रिकॉर्ड करता है और बाद में उन्हें उसी रूप में दोबारा प्रस्तुत कर देता है। लेकिन वैज्ञानिक अनुसंधानों ने इस धारणा को गलत साबित कर दिया है। वास्तव में, हमारा मस्तिष्क स्मृतियों को छोटे-छोटे टुकड़ों के रूप में संग्रहीत करता है और जब हम किसी घटना को याद करते हैं, तो वह उन टुकड़ों को जोड़कर स्मृति का पुनर्निर्माण करता है। इस प्रक्रिया में भूल, भ्रम और बाहरी प्रभावों के लिए पर्याप्त जगह होती है। अपराध या दुर्घटना जैसी घटनाओं के दौरान लोग अक्सर तनाव, भय और घबराहट की स्थिति में होते हैं। ऐसी परिस्थितियां उनकी देखने, समझने और याद रखने की क्षमता को प्रभावित कर सकती हैं। उदाहरण के लिए, किसी व्यक्ति का ध्यान अपराधी के चेहरे की बजाय हथियार पर केंद्रित हो सकता है। इसी तरह, घटना के बाद मीडिया रिपोर्टों, अन्य लोगों की बातचीत या पुलिस द्वारा पूछे गए सवालों का भी स्मृति पर असर पड़ सकता है। इस क्षेत्र में सबसे महत्वपूर्ण योगदान देने वाली वैज्ञानिकों में से एक हैं ए/ॅ्रीउँ छ्ब्ब्342 उनके प्रयोगों ने दिखाया कि केवल प्रश्न पूछने के तरीके में बदलाव करके भी लोगों की यादों को प्रभावित किया जा सकता है। उन्होंने यह भी सिद्ध किया कि लोगों के मन में ऐसी झूठी स्मृतियां पैदा की जा सकती हैं जो वास्तव में कभी घटी ही नहीं थीं। इन निष्कर्षों ने न्याय व्यवस्था को यह सोचने पर मजबूर कर दिया कि प्रत्यक्षदर्शी गवाही को किस हद तक विश्वसनीय माना जाए। गलत प्रत्यक्षदर्शी पहचान के परिणाम गंभीर हो सकते हैं। दुनिया भर में ऐसे अनेक मामले सामने आए हैं जिनमें डीएनए परीक्षणों ने वर्षों बाद यह साबित किया कि दोषी ठहराए गए लोग निर्दोष थे। इन मामलों में से कई में मुख्य आधार प्रत्यक्षदर्शी की गवाही थी। विशेष बात यह थी कि गवाह अपने बयान को लेकर पूरी तरह आश्वस्त थे, फिर भी उनकी पहचान गलत निकली। नया विज्ञान यह भी बताता है कि आत्मविश्वास और सटीकता हमेशा एक-दूसरे के पर्याय नहीं होते। किसी गवाह का अपने बयान पर पूरा विश्वास होना यह सुनिश्चित नहीं करता कि उसकी स्मृति पूरी तरह सही है। कई बार बार-बार पूछताछ, दूसरों की प्रतिक्रिया या जांच अधिकारियों की अनजानी टिप्पणियां गवाह के आत्मविश्वास को बढ़ा देती हैं, जबकि स्मृति की सटीकता में कोई सुधार नहीं होता। तंत्रिका विज्ञान के नवीनतम अध्ययनों से पता चला है कि हर बार जब कोई व्यक्ति किसी घटना को याद करता है, तो वह स्मृति थोड़ी-बहुत बदल जाती है। इस प्रक्रिया को 'रीकंसॉलिडेशन' कहा जाता है। इसका अर्थ है कि स्मृतियां स्थिर नहीं होतीं; वे समय के साथ परिवर्तित हो सकती हैं। इसलिए वर्षों पुरानी यादें वास्तविक घटनाओं से काफी अलग हो सकती हैं। इन



ललित शर्मा
संपादक

## भीषण गर्मी

### मोनिका डागा



कविता

ये चिलचिलाती भीषण गर्मी और प्यास तन-मन,
अधीर थका मांदा रूखा-सुखा सा हुआ है जीवन,
नौ तपा ने भी दिखाया अब ज्वलंत हाय तौबा रंग,
चुभती सूरज की किरणें और लू कर रही है तंग।

अधिक मास और जेठ की लम्बी खटकती दुपहरी,
जैसे लगता सजीवता कुछ पल के लिए हो ठहरी,
प्यासे पशु-पक्षी जीव-जंतु बेहाल हुई सारी नगरी,
व्याकुल हुए वृक्ष इंसान जीवनयापन बना मजबूरी।

बड़ी तीव्रता से गर्मी बढ़ रही है दिन दुना रात चौगुनी,
नभ से बरसे अंगारे झुलसी काया लपटों से भूनी,
वृक्षों की शाखाएं भी हो रही है सूखी खगवृदों से सूनी,
पल-पल सता रहीं अजीब सी बढ़ती बेचैनी अंदरूनी।

इंसानी फितरत स्वार्थ में शुद्ध पर्यावरण से बनाई दूरी,
अनदेखी से जिन्दगी हुई 'आनंद' रहित आधी-अधूरी,
पर प्रकृति का पर्यावरण संतुलन चक्र घूमें अपनी धूरी,
सब सहयोगी बन कर्म करें जो सर्व हितकर हो जरूरी।

थामें एक दूसरे का हाथ इंसानियत की रीत अपनाएँ,
पेड़ लगाएँ, पेड़ो की सुरक्षा करे और जंगल बचाएँ
पानी का उचित इस्तेमाल करें और बूँद बूँद बचाएँ,
बेजुबान बेसहारों का सहारा बन जीवन सफल बनाएँ।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# अदृश्य युद्ध: बंदूकों से नहीं नीतियों से हो रहा विनाश



एन0के0शर्मा
लेखक

यह युद्ध अब इतना परिष्कृत हो चुका है कि इसकी क्रूरता भी सभ्यता के आवरण में ढकी हुई है। यहाँ चीखें नहीं सुनाई देतीं, क्योंकि लोगों के गले पहले ही दबा दिए जाते हैं—आवाज से नहीं, बल्कि अवसरों के अभाव से। यह वह दौर है जहाँ गोलियाँ नहीं चलतीं, लेकिन निर्णयों की धार इतनी तीक्ष्ण होती है कि वह पूरी पीढ़ियों को चुपचाप काट देती है।

आप सोचते हैं कि आप स्वतंत्र हैं—क्योंकि आपके हाथ में एक मोबाइल है, आपके सामने विकल्पों का एक विशाल बाजार है, और आपके चारों ओर 'विकास' के चमकते हुए विज्ञापन हैं। लेकिन इसी चमक के भीतर एक गहरा अंधकार पल रहा है। यह अंधकार उन नीतियों का है जो आपको उपभोक्ता तो बनाती हैं, लेकिन नागरिक नहीं रहने देतीं। आपकी सोच को इस तरह से ढाला जाता है कि आप सवाल पूछना भूल जाएँ, और जो भी परोसा जाए, उसे 'प्रगति' मानकर स्वीकार कर लें। यह युद्ध शरीर को नहीं, बल्कि चेतना को निशाना बनाता है। और जब चेतना पर हमला होता है, तो व्यक्ति को यह भी अहसास नहीं होता कि वह धीरे-धीरे अपनी ही पहचान खोता जा रहा है। उसकी भाषा बदल दी जाती है, उसके इतिहास की परिभाषा बदल दी जाती है, उसके नायकों और खलनायकों को उलट दिया जाता है। यह केवल सूचना का खेल नहीं है—यह स्मृति के साथ किया गया एक सुनियोजित षड्यंत्र है।

आर्थिक नीतियाँ इस युद्ध का सबसे निर्दयी हथियार हैं। यह हथियार गोली की तरह तत्काल नहीं मारता, बल्कि धीरे-धीरे सांसें छीनता है। जब एक किसान कर्ज में डूबकर आत्महत्या करता है, जब एक युवा बेरोजगारी के बोझ तले अपनी उम्मीदें खो देता है, जब एक मध्यमवर्गीय परिवार बीमारी के खर्च से टूट जाता है—तो यह किसी व्यक्तिगत विफलता की कहानी नहीं होती। यह उस अदृश्य युद्ध की जीत होती है, जो नीतियों के माध्यम से लड़ा जा रहा है। सबसे भयावह बात यह है कि इस युद्ध में आपको ही दोषी ठहराया जाता है। अगर आप गरीब हैं, तो आपको 'अयोग्य' कहा जाता है। अगर आप बेरोजगार हैं, तो आपको 'अक्षम' बताया जाता है। अगर आप सवाल पूछते हैं, तो आपको 'विरोधी' या 'देशद्रोही' करार दिया जाता है। यह एक ऐसा मनोवैज्ञानिक जाल है, जिसमें व्यक्ति खुद को ही दोष देने लगता है, जबकि असली खेल कहीं और चल रहा होता है।





मीडिया, जो कभी समाज का दर्पण हुआ करता था, अब इस युद्ध का एक महत्वपूर्ण मोर्चा बन चुका है। सच्चाई को इस तरह से प्रस्तुत किया जाता है कि वह सच्चाई लगते हुए भी सच्चाई न रहे। मुद्दों को भटका दिया जाता है, असली सवालों को दबा दिया जाता है, और जनता को भावनात्मक उन्माद में उलझाकर रखा जाता है। यह एक ऐसी रणनीति है, जिसमें व्यक्ति सोचने के बजाय प्रतिक्रिया देने लगता है—और यही इस युद्ध की सबसे बड़ी सफलता है। शिक्षा प्रणाली को भी इस तरह से ढाला जा रहा है कि वह ज्ञान नहीं, बल्कि आज्ञाकारिता पैदा करे। बच्चों को तथ्यों से ज्यादा 'अनुकूल विचार' सिखाए जा रहे हैं। उन्हें यह नहीं बताया जाता कि कैसे सोचना है, बल्कि यह बताया जाता है कि क्या सोचना है। यह एक ऐसा खतरनाक मोड़ है, जहाँ भविष्य की पीढ़ियाँ प्रश्न पूछने की क्षमता खो बैठती हैं—और बिना प्रश्नों के कोई भी समाज केवल एक भीड़ बनकर रह जाता है।

इस युद्ध की सबसे क्रूर विडंबना यह है कि इसके शिकार ही इसके समर्थक बन जाते हैं। उन्हें यह विश्वास दिला दिया जाता है कि जो हो रहा है, वही सही है। वे अपनी ही बेड़ियों को विकास का प्रतीक समझने लगते हैं। यह मानसिक दासता का वह स्तर है, जहाँ व्यक्ति अपनी स्वतंत्रता के लिए लड़ने के बजाय, अपनी कैद को ही सुरक्षित मानने लगता है। और शायद सबसे खतरनाक बात यह है कि इस पूरे खेल में 'सामान्यता' का भ्रम बनाए रखा जाता है। आपको लगता है कि सब कुछ ठीक चल रहा है—क्योंकि कोई युद्ध नहीं दिख रहा, कोई बम नहीं गिर रहे, कोई सैनिक नहीं मर रहे। लेकिन इसी 'सामान्यता' के भीतर एक गहरा असामान्य सच छिपा होता है—एक ऐसा सच, जो अगर सामने आ जाए, तो पूरे तंत्र की नींव हिल जाए। यह समय केवल देखने का नहीं, बल्कि समझने का है। यह समय केवल सुनने का नहीं, बल्कि परखने का है। क्योंकि यह युद्ध आपकी जमीन नहीं, आपकी चेतना जीतने के लिए लड़ा जा रहा है। और जिस दिन चेतना हार जाती है, उस दिन कोई भी जीत मायने नहीं रखती।

अंततः, यह सवाल केवल सत्ता से नहीं, बल्कि हमसे भी है—क्या हम इस अदृश्य युद्ध के मूक दर्शक बने रहेंगे, या उस साहस को जुटाएंगे जो सच्चाई को पहचान सके? क्योंकि इस युद्ध में सबसे बड़ा हथियार कोई बंदूक नहीं, बल्कि एक जागरूक, प्रश्न करने वाला और सच को स्वीकार करने वाला मन है।

# कामनाओं का दास बना मनुष्य, लोभ-मोह और क्रोध के जाल में उलझा जीवन



किशन भावनानी
लेखक





वर्ष 1972 में अपना प्रेम फिल्म का आनंद बख़्शी द्वारा लिखित गीत, कुछ तो लोग कहेंगे लोगों का काम है कहना, छोड़ो बेकार की बातों में कहीं बीत ना जाए रैना तथा बड़े बुजुर्गों की कहावतों को व्यवहारिक जीवन में सटीक सत्यता को सिद्ध होते हुए हम अपने दैनिक जीवन में कई बार सुनते, देखते और महसूस करते रहते हैं परंतु फिर भी उनकी दी हुई सटीक सीख, प्रेरणा और मंत्रों का उपयोग नहीं करके अपनी परेशानी का सारा दोष अपने प्रतिद्वंदीयों, आस-पड़ोस, और आगे कुछ समझ नहीं आया तो ईश्वर अल्लाह पर धकेल देते हैं, मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र माननता हुँ कि यह हमारी सबसे बड़ी मूर्खता है। बड़े बुजुर्गों की कहावतें- आप बैल मुझे मार, दूर के ढोल सुहाने लगते हैं, एक उंगली दूसरे पर उठाते ही तीन उंगलियां तुम्हारी तरफ उठती है, अपनी मस्ती में मस्त रहो सहित अनेक कहावतें जीवन में सटीक बैठती है क्योंकि हमारे दैनिक जीवन में अनेक साधारण बातें और संदेहर हमारे दिनचर्या में परेशानी खड़ी करते हैं इसलिए उनसे बचनें हमें बेपरवाही मंत्र का उपयोग करना होगा। इसलिए आज हम इस आर्टिकल के माध्यम से बेपरवाह होने और उसके गुण दोषों पर चर्चा करेंगे। साथियों बात अगर हम चिंता, परेशानी को दूर करने बेपरवाह होने का अस्त्र अपनाने की करें तो,लगातार चिंता और संदेह हमें प्रतिदिन परेशान कर सकते हैं और हमारे तनाव का स्तर भी बढ़ा सकते हैं। यह भावनाएँ और उच्च तनाव स्तर हमको कुछ भी करने से और अपनी पसंद की चीजों का आनंद लेने से बाधित कर सकती हैं।

अपने मस्तिष्क का थोड़ा सा ध्यान रखिए कि निष्पक्षता भावनात्मक प्रतिबद्धता के समय ही सबसे अच्छी तरह से प्रदर्शित होती है। यह अपनी भावनाओं को छुपाने और लोगों को भयभीत न होने देने की सर्वश्रेष्ठ विधि है। यह आपको किसी मजबूत तथा पाषाण जैसे व्यक्ति के रूप में परिभाषित कर सकती है।लोगों की भावनाओं के प्रति संवेदनशील रहिए। बहुत अधिक बेपरवाही से लोगों को चोट पहुँच सकती है और वे आपसे दूर हो सकते हैं। दुर्भाग्यवश, यह आपके प्रिय को भी, यदि आप सावधान नहीं रहे तो, आपसे दूर कर सकता है करके हम बेपरवाह बन सकते हैं और चीजों को स्वयं को परेशान नहीं करने दे सकते हैं। हम तो मजबूत चीजों से बने हैं और हमको कुछ भी गिरा नहीं सकता है। साथियों बात अगर हम बेपरवाह नहीं होने याने परवाह करने वाले की करें तो, वे लोग जो उतने बेपरवाह नहीं हैं (आप कह सकते हैं, परवाह करने वाले), अपने जीवन को दूसरों की कही हुयी विधि से बदलने में व्यस्त हैं। वे दूसरों के द्वारा स्वीकार किए जाने, और प्रेम किए जाने के लिए इतना कठोर प्रयास करते हैं ताकि सब कुछ बिल्कुल वैसा ही हो जाये। संक्षेप में, वे बहुत अधिक परवाह करते हैं।और उन चीजों के बारे में, जिनका कुछ अर्थ ही नहीं है।इस जीवन शैली की, और दूसरों के जीवन की हम नकल न करें, अपनी शैली से जीवन जिएँ। हमें दूसरों के कहने की तो परवाह तो बिल्कुल नहीं करना चाहिए- हमें वही करना चाहिए जिससे हमको प्रसन्नता मिले। साथियों बात अगर हम बेपरवाही में अपनें शारीरिक लैंग्वेज को ढालने की करें तो, हमें अपने हाव भाव का ध्यान रखिएः कभी कभी हम चाहे जितनी शांति और धैर्य की बातें करें, हमारे हाव भाव से रहस्य खुल जाता है। हमारी आवाज तो निकलती है, कोई बात नहीं। चिंता मत करिए, मगर हमारे कानों से धुआँ निकल रहा होता है और मुट्ठियाँ बंधी होती हैं। यह कोई छुपी बात नहीं होगी क्योंकि सभी लोग असलियत तो समझ ही जाएँगे। इसलिए जब हम बेपरवाही से बोल रहे हों, तब सुनिश्चित करें कि हमारा शरीर भी उसका समर्थन करे। हमारा शरीर कैसे स्थापित होगा, यह हमारी परिस्थिति पर निर्भर करेगा। जब तकहम चिंतित और परेशान (और बेपरवाह 'नहीं') होंगे तब मुख्य बात यह होगी कि हमारी मांसपेशियाँ तनी होंगी। यदि हम सोचते हैं कि हमारे हाव भाव से बात खुल जाएगी, तब अपने शरीर को ऊपर से नीचे तक देखिये और जानबूझ कर यह तय करिए कि हर भाग शांत रहे। यदि ऐसा नहीं हो, तब उसे ढीला करिए। मानसिक बेपरवाही यहीं से आएगी।

साथियों बात अगर हम बेपरवाह पर रहीम के दोहे और उसके अर्थ की करें तो

चाह गई चिंता मिटी, मनुआ बे परवाह।

जिनको कछू न चाहिए, वे साहन के साह।।इसका अर्थः एक कामना पूरी होती है तो दूसरी कामना सिर उठाती है। कामनाओं को कैसे सिद्ध किया जाए, इसी चिंता में मनुष्य घुलता रहता है। वह जीवन को पूरी समग्रता से नहीं जी पाता। वह आजीवन कामनाओं का दास बना रहकर लोभ, मोह, माया, क्रोध व काम में फंसा रहता है। उसका एक पल भी शांतिपूर्वक व्यतीत नहीं होता। इसके विपरित रहीम कहते हैं, यदि कामना न रहे, चाह का लोप हो जाए तो चिंता से मुक्ति मिल जाती है। सिर से सारा बोझ उतर जाता है और मन निश्चिंत और लापरवाह हो जाता है। सच तो यह है कि जिनको कुछ नहीं चाहिए होता, जो कामना रहित होते हैं, वे शाहों के भी शाह होते हैं। साथियों बात अगर हम बेपरवाह होने के अर्थ को स्वयं को गंभीरता से ना लेने, हर स्थिति में हास्य खोजने की करें तो,स्वयं को (या किसी भी और चीज को) बहुत गंभीरता से नां लेंः सारा जीवन तब कहीं अधिक सरल हो जाता है जब हमर इस निर्णय पर पहुँच जाते हैं कि कोई भी बात इतनी बड़ी नहीं है। हम सभी इस धरती पर एक रेत के कण के समान हैं और यदि सब कुछ हमारे हिसाब से ठीक नहीं हो रहा है, तब मान लीजिये कि ऐसा ही होना था। बुरी चीजें होंगी और अच्छी चीजें भी अवश्य ही होंगी। इसके बारे में परेशान क्यों हुआ जाये? हर स्थिति में हास्य खोजिए- बेपरवाह होने का अर्थ यह नहीं है कि आप प्रसन्न नहीं रहेंगे, इसका अर्थ है कि आप जल्दी ही परेशान, नाराज, या तनावग्रस्त नहीं हो जाएंगे। और यह किया कैसे जाएगा? जब प्रत्येक वस्तु हास्यप्रद हो, तब यह अच्छी शुरूआत होगी। जिस प्रकार से हर बात में कुछ अच्छी बात अवश्य होती है, अधिकांश चीजों में हास्य का पुट भी होता ही है।अपनी ढेरों भावनाओं का प्रदर्शन मत करिएः बेपरवाह की परिभाषा ही है कि वह लगभग 24/7 धैर्यवान और शांत बने रहें। आप हल्की फुली रुचि या प्रसन्नता प्रदर्शित कर सकते हैं-या थोड़ी निराशा और परेशानी भी-परंतु अंदर से आपमें गहरी झील जैसी जैसी शांति बनी रहती है। इसका अर्थ यह नहीं है कि आप भावना रहित या ठंढे रहेंगे, यह तो शांत रहने की बात है। साथियों बात हम बेपरवाह होने पर ध्यान रखने वाली बातों की करें तो, निष्पक्षता भावनात्मक प्रतिबद्धता के समय ही सबसे अच्छी तरह से प्रदर्शित होती है। यह अपनी भावनाओं को छुपाने और लोगों को भयभीत न होने देने की सर्वश्रेष्ठ विधि है। यह हमको किसी मजबूत तथा पाषाण जैसे व्यक्ति के रूप में परिभाषित कर सकती है। लोगों की भावनाओं के प्रति संवेदनशील रहिए। बहुत अधिक बेपरवाही से लोगों को चोट पहुँच सकती है और वे आपसे दूर हो सकते हैं। दुर्भाग्यवश, यह आपके प्रिय को भी, यदि आप सावधान नहीं रहे तो, आपसे दूर कर सकता है।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि बेपरवाह, साधारण बातों और संदेह से खुद को परेशानी से बचाने बेपरवाह होना एक सटीक मंत्र हैं। साधारण बातों से आए हाईटेंशन को भगाने अपने मस्तिष्क का थोड़ा पुनर्केंद्रीकरण कर बेपरवाही रूपी अस्त्र का प्रयोग जरूरी है।

# सत्ता का अहंकार और जनता का प्रतिकार



रवि अरोड़ा
लेखक





भारतीय राजनीति में जनता जनार्दन का मिजाज बदलते देर नहीं लगती। जनता की भावनाओं और समस्याओं से कटा नेता जब तक सत्ता में है, तब तक ही उसके आगे-पीछे अफसरों, कार्यकताओं, व्यापारियों और अवसरवादियों की भीड़ लगी रहती है। उसकी एक मुस्कान पर लोग धन्य हो जाते हैं और उसकी नाराजगी से लोग कांपने लगते हैं। लेकिन जैसे ही कुर्सी हाथ से निकलती है, नेता जी का अचानक वास्तविक दुनिया से परिचय होने लगता है। पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस के नेता अभिषेक बनर्जी की जो परेड हाल ही में पब्लिक ने कराई उससे इस प्रवृत्ति को फिर चर्चा में ला दिया है। बैनर्जी के सोनारपुर दौरे के दौरान लोगों ने न केवल नारेबाजी की अपितु घेर कर अंडे और अन्य वस्तुएं भी उन पर फेंकी। यह घटना निस्संदेह दुर्भाग्यपूर्ण थी और किसी भी लोकतंत्र में शारीरिक हिंसा स्वीकार्य नहीं हो सकती लेकिन इस घटना ने एक बड़ा प्रश्न तो खड़ा कर ही दिया है क्या सत्ता में रहते हुए नेताओं ने कभी यह सोचा कि आम नागरिक उनके व्यवहार को कैसे याद रखता है? भारतीय राजनीति में ऐसे उदाहरणों की कमी नहीं है जहां सत्ता में बैठे नेताओं ने जनता को लगभग बेवकूफ ही समझ लिया। जरा सा भी लिहाज नहीं और जहां दांव लगा, वही हाथ मार दिया। चुनाव जीतते ही गिरगिट की तरह ऐसा रंग बदला मानो जनता ने उन्हें सेवक नहीं बल्कि शासक नियुक्त कर दिया हो। यही कारण है कि जब सत्ता बदलती है तो वर्षों से दबा हुआ आक्रोश अचानक सतह पर आ जाता है। जनता वोट के जरिए जवाब तो देती ही है साथ ही मौका पाकर अपनी नाराजगी को बहुत कठोर रूप में भी व्यक्त कर देती है। कोई इसे किसी भी नजर से देखे मगर यह आज की सच्चाई है। पश्चिम बंगाल में जो हुआ वह ऐसी पहली घटना नहीं है। आपातकाल के बाद इंदिरा गांधी तक को जनता के तीव्र विरोध का सामना करना पड़ा था। 1977 के चुनावों के दौरान एक रैली में हमारे ही शहर के युवक ने उनका कस कर हाथ पकड़ लिया था। आप नेता अरविंद केजरीवाल संभवतः इस मामले में भारत के सबसे अधिक चर्चित नेता हैं जिन्हें सार्वजनिक कार्यक्रमों में कई बार थप्पड़ मारा गया या उन पर हमला करने की कोशिश हुई। महाराष्ट्र के दिग्गज नेता शरद पवार भी नई दिल्ली में एक सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान थप्पड़ खा चुके हैं। भ्रष्टाचार के मामले में सर्वाधिक बदनाम हुए सुखराम के साथ तो कई अवसरों पर धक्का-मुक्की हुई। नवीन जिंदल भी अपनी चुनावी सभा में पिट चुके हैं। ओम प्रकाश चौटाला तथा उनके परिवार के कुछ सदस्यों को तो कुछ हमदर्द नहीं बचाते तो भीड़ के हाथों उनकी हत्या भी हो सकती थी। पब्लिक जिन्हें अपने हाथों से ठीक नहीं कर पाती उन्हें अपनी दुत्कार और उपेक्षा से सबक सिखाती है। याद कीजिए कई राज्यों में ऐसे मुख्यमंत्री भी हुए जिनके सामने अफसर कांपते थे, लेकिन सत्ता जाने के बाद वे सार्वजनिक जीवन में लगभग अप्रासंगिक हो गए। कभी जिन नेताओं के काफिले के लिए सड़कें खाली करा दी जाती थीं, बाद में वही नेता आम सभाओं में हूटिंग का सामना करते दिखाई दिए। दरअसल समस्या केवल व्यक्तियों की नहीं, बल्कि राजनीतिक संस्कृति की है। भारत में अनेक दल लोकतांत्रिक संगठन कम और व्यक्तिपूजक संरचनाएं अधिक बन गए हैं। नेता के आसपास ऐसा वातावरण तैयार कर दिया जाता है जिसमें उसे वास्तविक जनभावना का पता ही नहीं चलता। उसके आसपास केवल प्रशंसकों और लाभार्थियों की भीड़ रह जाती है। परिणाम स्वरूप उसे लगता है कि जनता तो हमेशा उसके साथ रहेगी। लेकिन जनता का हिसाब अलग होता है। वह सब कुछ नोट करती है। नतीजा चुनाव परिणाम कई बार केवल सरकार नहीं बदलते, बल्कि जनता के मन का जमा हुआ फैसला भी सामने लाते हैं। बेशक किसी नेता पर हमला, मारपीट या जानलेवा हमला लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है। जनता का सबसे बड़ा हथियार वोट, जनमत और सार्वजनिक प्रतिरोध है। लेकिन यह भी उतना ही सच है कि जो नेता वर्षों तक जनता की भावनाओं को कुचलते हैं, उन्हें सत्ता से बाहर होने के बाद इसी प्रकार तो वास्तविक जनभावना का पता चलता है। आपको हर शहर में ऐसे नेता मिल जाएंगे जिनकी कभी तूती बोलती थी मगर अब कोई टके सेर भी नहीं पूछता। अहंकार की राजनीति को एक नई ऊंचाई देने वाले सपा नेता अमर सिंह को क्या कोई भूल सकता है ? प्रदेश का मुख्यमंत्री, सिनेमा के बड़े स्टार, उद्योग जगत की तमाम बड़ी हस्तियां कौन कौन नहीं था उसके आभा मंडल के तले मगर अंत में क्या हुआ ? आखिरी पलों में किसीं ने हाल नहीं पूछा। वह अमिताभ बच्चन जो अमर सिंह की बदौलत ही अपने कर्जों से बाहर आये, उन्होंने भी खैर खबर नहीं ली। लगभग सौ करोड़ रुपए की अपनी संपत्ति की घोषणा अमर सिंह ने अपने आखिरी चुनाव में की थी। लेकिन अब कहां है वह संपत्ति ? चर्चा है कि पत्नी दोनों बेटियों को लेकर विदेश जा बसी है और सारी संपत्ति पर अब एक सिनेमा तारिका का कब्जा है। तो फिर किसके लिए किए थे अमर सिंह ने इतने दंद फंद ? केवल अमर सिंह की ही क्यों बात करें, आज की राजनीति में नीचे से ऊपर तक क्या कम हैं अमर सिंह सरीखे नेता ? जनता की गाढ़ी कमाई से लूटा गया इनका पैसा भी पता नहीं इनकी औलादों के काम आएगा भी या कोई और ले उड़ेगा।

# गांव की समस्या- गांव में समाधान चौपाल में अधिकारियों को ग्रामीणों ने सुनाई समस्याएं

लुकमान खान

**पीलीभीत(वेलकम इंडिया)।** पीलीभीत सामाजिक संगठन जन कल्याण सुरक्षा संघ के द्वारा गांव-गांव में चलाए जा रहे गांव की समस्या गांव में समाधान चौपाल कार्यक्रम के माध्यम से जनता की समस्याओं को संबंधित विभागीय अधिकारियों के द्वारा गांव में चौपाल लगाकर निस्तारण कराया जा रहा है।

जनपद के विकासखंड पूरनपुर तहसील कलीनगर क्षेत्र के ग्राम बूंदीभूड़ एवं बंदरभोज में शनिवार दोपहर बाद सामाजिक संगठन जन कल्याण सुरक्षा संघ के द्वारा दोनों गांवों में अलग - अलग गांव की समस्या - गांव में समाधान चौपाल कार्यक्रम एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के शिविर लगाएं गए संयुक्त दोनों कार्यक्रमों में मुख्य अतिथि अरुण क्रान्ति यशोदास अपर सिविल जज सीनियर डिविजन/सचिव पूर्णकालिक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पीलीभीत को ग्रामीणों ने अपनी-अपनी समस्याएं सुनाई ग्राम बूंदीभूड़ चौदह नंबर के बेबी अधिकारी उर्मिला कृष्णा अशोक विश्वास सुरेन्द्र गोड सुपद सरकार ने गांव में विद्यालय न होने से सात किलोमीटर जंगल से होकर विद्यार्थियों को स्कूल जाना पड़ता है टाइगर की वजह से पढ़ाई नहीं हो रही है गांव में विद्यालय न होने की शिकायत की गांव में हैंडपंप न होने से दूषित पानी पीना पड़ रहा है।

हैंडपंप न होने की एवं गांव में गंदगी बिजली पानी स्वास्थ सुविधा न मिलने सफाई कर्मी न आने सड़क अस्पताल न होने आंगनबाड़ी गांव में विकास कार्य व सरकारी सुविधा न मिलने तथा राजस्व विभाग से संबंधित शिकायतें की है राजस्व विभाग विकास विभाग से संबंधित विभाग के अधिकारियों के न होने के कारण समस्याओं का मौके पर निस्तारण नहीं हो सका ग्राम बंदरभोजे सुंदर नगर के पूर्व प्रधान रामउग्रह ने राजस्व विभाग से जुड़ी शिकायत की प्रभु नाथ ने अंबेडकर पार्क से गांव के लिए जाने वाले टूटा पड़ा मार्ग की शिकायत की गांव के कई लोगों ने मौखिक रूप से गांव में सफाई न होने विकास न होने पूर्ण रूप से सरकारी योजनाओं का लाभ न मिलाना पेयजल व्यवस्था ज्यादातर राजस्व विभाग एवं विकास से संबंधित शिकायतें की है।

स्वास्थ्य विभाग महिला कल्याण विभाग से संबंधित समस्याओं का



निस्तारण कर दिया गया राजस्व विभाग विकास विभाग विद्युत विभाग पशुधन पालक विभाग आपूर्ति विभाग से संबंधित अधिकारी कार्यक्रम में नहीं पहुंचे जिसकी वजह से जनता की समस्याओं का निस्तारण नहीं हो सका अरुण क्रान्ति यशोदास अपर सिविल जज सीनियर डिविजन/सचिव पूर्णकालिक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पीलीभीत ने जनता को न्यायिक महिला अधिकारों एवं सरकारी योजना के विषय में जागरूक करते हुए बताया कि प्रत्येक नागरिक को अपने संवैधानिक अधिकारों एवं कानूनी कर्तव्यों की जानकारी होना आवश्यक है।

उन्होंने गिरफ्तारी से संबंधित कानूनों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पुलिस किसी भी व्यक्ति को बिना उचित कारण एवं कानूनी प्रक्रिया का पालन किए गिरफ्तार नहीं कर सकती गिरफ्तार व्यक्ति को गिरफ्तारी का कारण बताना तथा उसके परिवार को सूचना देना कानूनन आवश्यक है महिलाओं की गिरफ्तारी के संबंध में जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि सामान्य परिस्थितियों में महिलाओं की गिरफ्तारी सूर्यास्त के बाद और सूर्योदय से पहले नहीं की जा सकती।

विशेष परिस्थितियों में सक्षम न्यायिक अनुमति के साथ ही ऐसी कार्रवाई की जा सकती है उन्होंने कहा कि गिरफ्तारी के दौरान महिलाओं की गरिमा एवं सम्मान की रक्षा करना कानून की प्राथमिक जिम्मेदारी है और अंत में कहा कि सामाजिक संगठन जन कल्याण सुरक्षा संघ और उनके राष्ट्रीय अध्यक्ष बहुत ही अच्छा जनता के प्रति कार्य कर रहे हैं जो जगह-जगह गांव में इस तरह के शिवरों का आयोजन कर जनता के लिए जागरूक करने का काम कर रहे हैं यह भी एक सच्ची समाज सेवा है।

ब्रहमपाल सिंह राष्ट्रीय अध्यक्ष जेकेएसएस ने अपने संबोधन में कहा कि जन कल्याण सुरक्षा संघ हमेशा समाज के गरीब पिछड़े अपेक्षित व कमजोर वर्ग के लोगों की हर संभव मदद एवं उनको ऊपर उठने का हमेशा प्रयास करता है इस तरह के कार्यक्रमों एवं शिविरों के माध्यम से जनता को हर पहलू पर जागरूक करने का काम करता है उन्होंने सरकार के द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरुक करते हुए कहा कि भारत सरकार और राज्य सरकारों द्वारा नागरिकों के कल्याण के लिए कई प्रमुख योजनाएं चलाई जा रही हैं जिनमें आर्थिक सहायता एवं सामाजिक सुरक्षा आवास और शहरी विकास स्वास्थ्य और चिकित्सा महिला एवं बाल कल्याण सुकन्या समृद्धि योजना प्रधानमंत्री जन धन योजना आयुष्मान भारत किसान सम्मन निधि उज्ज्वला योजना सहित अन्य योजनाओं की चर्चा की है।

शालिनी गुप्ता एएलएडीसी ने महिलाओं को विभिन्न महत्वपूर्ण कानूनों एवं उनके अधिकारों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी कहा कि महिलाओं का सशक्तिकरण तभी संभव है जब वे अपने संवैधानिक अधिकारों एवं कानूनी सुरक्षा उपायों से भली-भांति परिचित हों।

उन्होंने महिलाओं को कार्यस्थल पर होने वाले यौन उत्पीड़न से सुरक्षा प्रदान करने वाले पॉश (POSH) अधिनियम, 2013 के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक महिला को सुरक्षित एवं सम्मानजनक कार्य वातावरण प्राप्त करने का अधिकार है तथा किसी भी प्रकार के उत्पीड़न की स्थिति में वह कानूनी सहायता प्राप्त कर सकती है शिविर में उपस्थित महिलाओं को दहेज निषेध अधिनियम की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि दहेज लेना एवं देना दोनों ही कानूनन अपराध हैं।

उन्होंने महिलाओं को घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न तथा अन्य सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध उपलब्ध कानूनी प्रावधानों के बारे में भी जागरूक किया श्रीपाल सिंह राष्ट्रीय महासचिव जेकेएसएस ने संबोधित करते हुए कहा कि संघ के द्वारा गांव की समस्या गांव में समाधान एवं अन्य शिवरों का आयोजन जनता के लिए बहुत ही अच्छा कार्य है।

लेकिन स्थानीय प्रशासन जनता की समस्याओं को लेकर गंभीर नहीं है इसी लिए जनता की समस्याएं जस की तस बनी हुई है कार्यक्रम में मुख्य रूप से मनोज कुमार प्रतुल सिंह महिला कल्याण विभाग डॉ. स्वाति श्रीवास्तव डॉ. अजय कुमार गुप्ता कोमल स्वास्थ्य विभाग वेद प्रकाश लेखपाल सुमन गुप्ता डीएलएसीएस सियाराम वर्मा डीसीएलएडीसी आमोद पांडेय पीएलबी विपिन बाबू जितेंद्र कुमार बाबू जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अमरजीत सिंह जिला उपाध्यक्ष बृजेश सिंह जिला सचिव शिव कुमारी जिला सचिव महिला रामउग्रह तहसील संरक्षक कलीनगर सोनम प्रजापति तहसील प्रभारी महिला कलीनगर मनप्रीत सिंह तहसील उपाध्यक्ष कलीनगर भूपराम पासवान तहसील सचिव कलीनगर प्रभु नाथ न्याय पंचायत महासचिव जमुनिया अजय कुमार प्रजापति ब्लाक कार्यकारिणी सदस्य पूरनपुर बेबी अधिकारी ग्राम अध्यक्ष महिला बूंदीभूड़ चौदह नंबर संजीव कुमार पासवान ग्राम अध्यक्ष खासपुर जयवीर सिंह ग्राम अध्यक्ष बंदरबोझ सर्वजीत सिंह ग्राम संरक्षक बूंदीभूड़ रामचंद्र ग्राम अध्यक्ष बूंदीभूड़ राधिका देवी ग्राम अध्यक्ष महिला बंदरभोज रीता देवी ग्राम सचिव महिला बंदरभोज ममता राजभर ग्राम कार्यकारी अध्यक्ष महिला बूंदीभूड़ ग्राम महासचिव राज कपूर पूजा मिस्त्री दीपाली राय शांति मंडल रेखा मंडल अनीमा गोलदार रमा सरकार मोलिना विश्वास मीना सरकार जयंती सरकार वरिष्ठ कार्यकर्ता राजकुमार सिंह सहित आदि पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन सचिन कुमार पाण्डेय पीएलबी ने किया।

## 14 से 20 जून तक क्रीडा भारती द्वारा लगाया जाएगा सेल्फ डिफेंस एवं योग शिविर



हरेंद्र शर्मा

**हापुड़(वेलकम इंडिया)।** हापुड़ जनपद में क्रीड़ा भारती जिले हापुड़ की प्रांत कार्यालय स्वर्ग आश्रम रोड हापुड़ में जिला एवं नगर हापुड़ के पदाधिकारियों और सदस्यों की 13वॉ सेल्फ डिफेंस एवं योग शिविर कार्यक्रम की रूप रेखा के लिए मीटिंग जिला अध्यक्ष महिला मंडल वंदना सिंघल की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मेरठ प्रांत अध्यक्ष विशाल मित्तल ने बताया कि प्रत्येक वर्ष के भांति इस वर्ष भी क्रीड़ा भारती जनपद हापुड़ में सक्षम महिला- निर्भय महिला के अंतर्गत छात्राओं को आत्म सुरक्षा प्रशिक्षण 14 जून से 20 जून तक आयोजित करवाने जा रही है और 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योग शिविर का समापन होगा। जिला अध्यक्ष महिला मंडल वंदना सिंघल ने कहा कि क्रीड़ा भारती की इस वर्ष की वार्षिक सदस्यता ऑनलाइन की जा रही है। वार्षिक सदस्यता शुल्क 100 रुपये धनराशि क्रीड़ा भारती के बैंक खाता क्यूआर कोड के माध्यम से करें। बैठक में जिला संरक्षक ब्रिजेश गर्ग, जिला महिला मंत्री सुनीता स्वामी, मनप्रीत खैरा, जिला कोषाध्यक्ष महिला नीलम गुप्ता, आशीष गर्ग, सह मंत्री मनोज अग्रवाल, सुभाष सैनी, परवीन कुमार, अनिल स्वामी, अतुल अग्रवाल का सहयोग रहा।

## राष्ट्रीय अध्यक्ष रविन्द्र मिश्रा के आदेश अनुसार हिंदी पत्रकारिता दिवस पूरनपुर में बड़े ही उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया

लुकमान खान

**पीलीभीत/पूरनपुर(वेलकम इंडिया)।** हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर पूरनपुर ब्लॉक सभागार में ऑल इंडिया प्रेस जर्नलिस्ट एसोसिएशन की बैठक आयोजित की गई, जिसमें क्षेत्र के बड़ी संख्या में पत्रकारों और संगठन से जुड़े सदस्यों ने भाग लिया। कार्यक्रम में पत्रकारिता के मूल्यों, पत्रकारों की एकजुटता तथा उनके अधिकारों और सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक के दौरान घुंघचाई क्षेत्र के एक पत्रकार ने कवरेज के समय पुलिसकर्मियों द्वारा कथित अभद्र व्यवहार किए जाने का मामला संगठन के समक्ष रखा। शिकायत सुनने के बाद उपस्थित पत्रकारों ने मामले पर चिंता व्यक्त की और निष्पक्ष जांच कर आवश्यक कार्रवाई की मांग की।




बैठक समाप्त होने के बाद संगठन के पदाधिकारी और सदस्य घुंघचाई थाने पहुंचे, जहां उन्होंने संबंधित प्रकरण को अधिकारियों के संज्ञान में लाते हुए उचित कार्रवाई की मांग की। उस समय थाना प्रभारी के मौजूद न होने पर उनसे फोन पर संपर्क किया गया।

थाना प्रभारी ने मामले की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष अभिषेक पाण्डेय ने कहा कि पत्रकारों का दायित्व समाज और जनहित से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाना है। मंडल अध्यक्ष अनुज सक्सेना ने पत्रकारों की एकता को समय की आवश्यकता बताया।

जिला संरक्षक राजकुमार श्रीवास्तव ने पत्रकारिता की गरिमा बनाए रखने पर जोर दिया, जबकि तहसील अध्यक्ष रामनिवास कश्यप ने निष्पक्ष और जिम्मेदार पत्रकारिता की आवश्यकता बताई। बैठक में तहसील प्रभारी सबलू खान सहित रुसान अहमद, हनीफ धर्मेंद्र कुमार शर्मा सर्वेश कुमार शर्मा सन्तोष कुमार यादव राजेंद्र कुमार और अन्य पदाधिकारियों ने भी अपने विचार रखे तथा संगठन को मजबूत बनाने और पत्रकार हितों से जुड़े मुद्दों पर आगे की रणनीति पर चर्चा की।

## धामपुर चीनी मिल क्षेत्र के अंतर्गत गन्ना सर्वे जांच कार्य का निरीक्षण किया गया



नितिन शर्मा

**धामपुर(वेलकम इंडिया)।** सहकारी गन्ना विकास समिति लिमिटेड धामपुर चेयरमैन रामवीर सिंह की उपस्थिति में ज़िला गन्ना अधिकारी पी एन सिंह द्वारा धामपुर चीनी मिल क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम वाजिदपुर में गन्ना सर्वे जांच कार्य का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान AVP Cane संजीव सिंह, अमित पांडे एस सी डी आई गन्ना परिषद धामपुर, विनोद कुमार सचिव सहकारी गन्ना विकास समिति धामपुर, चीनी मिल के वरिष्ठ गन्ना प्रबंधक, गन्ना पर्यवेक्षक राजेंद्र सिंह, जयप्रकाश उपस्थित रहे। जांच के समय GPS के माध्यम से मापे गए 05 प्लॉटों की फीते द्वारा माप कर सत्यापन किया गया, जिसमें अंतर अनुमन्य सीमा के अंतर्गत पाया गया। गन्ना किसानों के हितों की पारदर्शिता एवं निष्पक्षता सुनिश्चित करने हेतु गन्ना विकास विभाग एवं समिति द्वारा लगातार निरीक्षण एवं सत्यापन कार्य किया जा रहा है।

## जनगणना 2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत निरीक्षण एवं मकानीकरण कार्य का व्यापक अभियान जारी

लुकमान खान

**पीलीभीत(वेलकम इंडिया)।** जनपद में जनगणना 2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत तैयारियों को गति प्रदान करने हेतु जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह के निदेर्शानुसार अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व)/ जिला जनगणना अधिकारी,सिटी मजिस्ट्रेट,सभी उप जिलाधिकारी (एसडीएम), चार्ज अधिकारी एवं नोडल अधिकारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में हाउस लिस्टिंग ब्लॉक्स (HLB) का व्यापक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जनगणना संबंधी व्यवस्थाओं, अभिलेखों एवं प्रगति की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।



इस अवसर पर प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों द्वारा मकानीकरण (House Listing and Housing Census) का कार्य भी निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार किया गया। अधिकारियों ने क्षेत्र भ्रमण कर मकानीकरण कार्य की गुणवत्ता, शुद्धता एवं समयबद्धता का सत्यापन किया तथा संबंधित कार्मिकों को जनगणना कार्य को पूरी गंभीरता एवं उत्तरदायित्व के साथ संपादित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया है कि जनगणना 2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत सभी गतिविधियां निर्धारित समयसीमा के भीतर पूर्ण की जाएं तथा प्रत्येक स्तर पर नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए।

उन्होंने कहा कि जनगणना एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य है, जिसके सफल संपादन हेतु सभी अधिकारी एवं कर्मचारी समन्वय के साथ कार्य करें।उन्होंने कहा कि जनपद प्रशासन द्वारा जनगणना 2027 के कार्यों की सतत समीक्षा की जा रही है, जिससे अभियान को प्रभावी एवं सफल बनाया जा सके।

## जिलाधिकारी ने पुलिस अधीक्षक के साथ आज बी.एड. प्रवेश परीक्षा केंद्र का किया निरीक्षण



लुकमान खान

**पीलीभीत(वेलकम इंडिया)।** जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह ने आज पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव के साथ जनपद में सम्पन्न कराई जा रही बी0एड0 प्रवेश परीक्षा के परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने ड्रमंड इंटर कॉलेज, सनातन धर्म बांके बिहारी राम इण्टर कॉलेज, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज एवं उपाधि महाविद्यालय का निरीक्षण किया ।

निरीक्षण के दौरान परीक्षा कक्षों की व्यवस्थाओं, पेयजल, शौचालय, सुरक्षा व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। इस दौरान कक्ष निरीक्षकों एवं स्टैटिक मजिस्ट्रेटों को आवश्यक निर्देश दिये गये कि परीक्षा के दौरान नियमित कक्षों का भ्रमण करें तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाये। किसी भी प्रकार की समस्या आने पर उच्चाधिकारियों को तत्काल अवगत कराया जाये। निरीक्षण के दौरान स्टैटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री डैशवोर्ड में जनपद की वाहवाही, जमीनी हकीकत चरमराई

लुकमान खान

**पीलीभीत(वेलकम इंडिया)।** जनसुनवाई व निस्तारण में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड में जनपद का प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त होता है और खूब वाहवाही बटोरी जाती है। लेकिन जमीनी हकीकत कोसों दूर है। प्रदेश में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की सरकार है। योगी आदित्यनाथ के मुख्यमंत्री बनने पर मुख्यमंत्री ने जनता की समस्यायों को गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के लिए बहुत उपक्रम चलाए हैं जिनमें मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, अधिकारियों द्वारा प्रतिदिन कार्यालय में बैठकर जनसमस्याएं सुनना, सम्पूर्ण समाधान दिवस, थाना दिवस, जनसुनवाई पोर्टल, जनता दरबार लखनऊ आदि हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का मानना है कि जनसमस्याओं का तुरंत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण होना चाहिए। जिनकी समय समय पर समीक्षा भी होती है। मुख्यमंत्री डैशबोर्ड में समीक्षा के निर्णय के अनुसार जनपद पीलीभीत का दबदबा रहता है। जनसमस्याओं के निस्तारण में जनपद पीलीभीत का नाम प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान पर आता रहता है जिससे जनपद के अधिकारी खूब वाहवाही लूटते हैं। लेकिन जमीनी हकीकत कोसों दूर है। जनता की मानें तो किसी भी समस्या का समाधान गुणवत्तापूर्ण नहीं होता है। जनपद की तहसील पूरनपुर के ग्राम अमरैया कलां निवासी रामू ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई थी जिसका संदर्भ संख्या 40015126009656 है। रामू का आरोप था कि ब्रह्मलता देवी पत्नी सुंदरलाल के घर चार पहिया वाहन ट्रेक्टर आदि है। फिर भी पूर्ति विभाग द्वारा ब्रह्मलता देवी का राशनकार्ड जारी कर दिया गया। ब्रह्म लता देवी ने विभाग को गुमराह करके जानबूझकर गलत तरीके से राशनकार्ड जारी करवा लिया और सरकार के साथ धोखाधड़ी की। रामू द्वारा मुख्यमंत्री पोर्टल पर दर्ज शिकायत की जांच के लिए पूरनपुर पूर्ति निरीक्षक बृजेश कुमार मिश्रा को जांच सौंपी। बृजेश कुमार मिश्रा ने संदर्भ संख्या 40015126009656 में दर्ज शिकायत के स्थान पर दूसरी शिकायत की जांच आख्या प्रस्तुत कर दी। मुख्यमंत्री पोर्टल पर दर्ज शिकायत पर गलत जांच आख्या देना मुख्यमंत्री के दावों को चुनौती है। पूर्ति निरीक्षक बृजेश कुमार मिश्रा ने भांग के नशे में मुख्यमंत्री पोर्टल पर दर्ज शिकायत का निस्तारण कर दिया जोकि गलत है और अफसरों की कार्यशैली पर सवाल खड़ा करती है। मुख्यमंत्री पोर्टल पर दर्ज शिकायतों की समीक्षा में वाहवाही लूटने वाले अधिकारियों की जमीनी हकीकत कुछ और है। इससे पहले भी पूर्ति निरीक्षक बृजेश मिश्रा आरोपों में घिरे हुए हैं। फिर भी पूर्ति विभाग द्वारा हर बार उनको दहेज में पूरनपुर तहसील का कार्यभार सौंपा जाता है। नशे में मुख्यमंत्री पोर्टल जनसुनवाई का मजाक उड़ानें वाले अफसरों पर कार्यवाही करने की बजाय इनाम दिया जा रहा है। जिससे साफ स्वच्छ भ्रष्टाचार मुक्त छवि वाली सरकार की भी जमीनी हकीकत साफ नजर आ रही है। रामू द्वारा दर्ज शिकायत का सही निस्तारण न होने पर पुनः शिकायत दर्ज की गई है।

## बीसलपुर में पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में ऑल इंडिया प्रेस जर्नलिस्ट एसोसिएशन के तत्वावधान में उत्साह और गरिमामय माहौल में मनाया गया: हिंदी पत्रकारिता दिवस

लुकमान खान

**पीलीभीत(वेलकम इंडिया)।** बीसलपुर में हिंदी पत्रकारिता दिवस पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में ऑल इंडियन प्रेस जर्नलिस्ट एसोसिएशन के तत्वावधान में उत्साह और गरिमामय माहौल में मनाया गया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ पत्रकार मुकेश सक्सेना ने किया।पत्रकारों को सम्मानित करते हुए बीसलपुर नगर पालिका परिषद के चेयरमैन प्रतिनिधि अमन जायसवाल निक्की ने कहा कि पत्रकार समाज और देश की बड़ी ताकत हैं जो आइना दिखाने का काम करते हैं। मैं लोकतंत्र के चौथे स्तंभ का हृदय से सम्मान करता हूं। एप्जा के मंडल संरक्षक मुकेश सक्सेना ने संगठन की एकजुटता पर बल दिया।एकजुट होकर निष्पक्ष पत्रकारिता का संकल्प मुख्य वक्ता



अमित मिश्रा ने कहा कि पत्रकार समाज का सजग प्रहरी होता है। लोकतंत्र को मजबूत बनाने में उसकी अहम भूमिका है। पत्रकारों को एकजुट होकर निष्पक्ष और निर्भीक पत्रकारिता करनी चाहिए। मुख्य अतिथि अमन जायसवाल उर्फ निक्की भाई ने पत्रकारों को समाज और प्रशासन के बीच मजबूत सेतु बताया। सभी पत्रकारों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। संगठन की मजबूती पर बल् जिला अध्यक्ष अभिषेक पाण्डेय, बरखेड़ा ब्लॉक अध्यक्ष जितेन्द्र सैनी, बिलसंडा ब्लॉक अध्यक्ष रिविन शुक्ल व पूरनपुर तहसील अध्यक्ष रामनिवास कश्यप ने कहा कि पत्रकारिता केवल पेशा नहीं, समाज सेवा का माध्यम है। वक्ताओं ने पत्रकारों से जनहितकारी पत्रकारिता और संगठन की एकता बनाए रखने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में सभी पत्रकारों ने मूल्यों की रक्षा और निष्पक्ष पत्रकारिता का संकल्प लिया।कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष अभिषेक पाण्डेय, रामनिवास कश्यप, सुनील मिश्रा तहसील अध्यक्ष, दीनदयाल शास्त्री तहसील मीडिया प्रभारी, शकील कादरी तहसील उपाध्यक्ष, वरिष्ठ पत्रकार सत्यवान अवस्थी, मंडल संरक्षक मुकेश सक्सेना, राजीव गुप्ता, मंडलाध्यक्ष अनुज सक्सेना, जिला संरक्षक राजकुमार श्रीवास्तव,हनीफ अंसारी ,दीपक गुप्ता, जितेन्द्र त्रिगुणायक, जिला मंत्री शिव यादव, मुनेन्द्र सिंह उपाध्यक्ष, रोहित मिश्रा संगठन महामंत्री, उमंग पाठक तहसील महामंत्री, रूपेश गंगवार नगर अध्यक्ष, महीपाल गंगवार नगर कोषाध्यक्ष, प्रियंक पाठक जिला कॉर्डिनेटर, अमित मिश्रा संरक्षक तथा अमित दीक्षित नगर महामंत्री सहित बड़ी संख्या में पत्रकार साथी मौजूद रहे।

## सरस्वती शिशु मंदिर में नवीन आचार्य प्रशिक्षण वर्ग के दसवे दिन का प्रारंभ

नितिन शर्मा

**नूरपुर(वेलकम इंडिया)।** नवीन आचार्य प्रशिक्षण वर्ग के अंतर्गत सरस्वती शिशु मंदिर नूरपुर में वर्ग के दसवीं दिन वंदना सत्र के दौरान प्रांतीय सेवा प्रमुख देवेंद्र कुमार शर्मा का आगमन हुआ जिन्होंने सेवा प्रकल्प एवं सेवा का महत्व इस विषय पर अपना प्रशिक्षण दिया उन्हीं के साथ वंदना सत्र में प्रांतीय कार्यकारिणी में प्रधानाचार्य प्रतिनिधि के रूप में रामू कुमार प्रधानाचार्य सरस्वती शिशु मंदिर भूतेश्वर का भी आगमन हुआ



सर्वप्रथम मुख्य अतिथियों के द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप जलाकर पुष्प अर्पित किए तथा सेवा का महत्व इस विषय को समझाया उनके साथ मुरादाबाद संभाग के सेवा प्रमुख बृज गोपाल की भी उपस्थित रही।

# सीएम ने मन की बात का 134वॉ संस्करण नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय बालिका छात्रावास की बालिकाओं के साथ सुना

**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज शासकीय आवास में नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय बालिका छात्रावास की बालिकाओं के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात के 134 वें संस्करण को सुना। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम देशवासियों को प्रेरित करने वाला एक सशक्त माध्यम बन गया है।




प्रधानमंत्री विभिन्न क्षेत्रों की प्रेरणादायक कहानियों को साझा कर, अन्य लोगों को भी जनहित के कार्यों के लिए प्रेरित करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा आत्मनिर्भर भारत, पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता, नवाचार, स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहन तथा सामाजिक सरोकारों से जुड़े विषयों पर निरंतर दिए जा रहे संदेश, समाज में सकारात्मक परिवर्तन का आधार बन रहे हैं।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की प्रेरणा से उत्तराखण्ड में भी कई ऐसे लोग हैं, जो अपने कार्यों से समाज में बड़े-बड़े परिवर्तन ला रहे हैं। राज्य सरकार ऐसे लोगों को प्रोत्साहित करने का कार्य भी कर रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कार्यक्रम में आज प्रधानमंत्री ने भीषण गर्मी के मौसम में स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखने और गर्मी से बचाव के लिए आवश्यक उपाय अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने देशी एवं पारंपरिक पेयों को बढ़ावा देने पर जोर देते हुए आम सहित भारतीय फलों की विशेषताओं का उल्लेख भी किया।

मुख्यमंत्री ने मन की बात कार्यक्रम के उपरांत नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय बालिका छात्रावास की छात्राओं से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने छात्राओं से कार्यक्रम के संबंध में फीडबैक प्राप्त किया और उनके विचार जाने।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद एवं अपनी रुचि के अन्य क्षेत्रों में भी सक्रिय भागीदारी करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आपके अच्छे प्रयासों और कार्यों से अन्य लोग भी प्रेरित होकर जुड़ते हैं तथा समाज में सकारात्मक वातावरण का निर्माण होता है। निष्ठा और समर्पण के साथ किए गए अच्छे कार्य दूसरे लोगों के लिए भी उदाहरण बनते हैं। इस अवसर पर विधायक महंत दलीप सिंह रावत भी मौजूद थे।

# वृंदावन में होगा त्रिदिवसीय विश्व ज्योतिष, ओकल्ट, वास्तु, आयुर्वेद एवं वेद महासम्मेलन का भव्य आयोजन

**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**मथुरा/वृंदावन।** धर्म एवं भारतीय वैदिक संस्कृति के प्रचार-प्रसार हेतु ऑल इंडिया फलौदी एस्ट्रोलॉजिकल रिसर्च सोसाइटी (पंजी) द्वारा आगामी 18, 19 और 20 सितम्बर 2026 को वृंदावन में त्रिदिवसीय 'विश्व ज्योतिष, ऑकल्ट, वास्तु, आयुर्वेद, योग एवं वेद महासम्मेलन' का भव्य आयोजन किया जाएगा।

वैदिक गुरुकुल के संस्थापक अध्यक्ष एवं महासम्मेलन मुख्य संयोजक अजय कुमार श्यामानंदी ने बताया यह विशाल आयोजन महर्षि वेदव्यास वेद प्रचार अनुसंधान गुरुकुलम्, वृंदावन एवं ऑल इंडिया फलौदी एस्ट्रोलॉजिकल रिसर्च सोसायटी के तत्वावधान में आयोजित होगा।

प्रवक्ता हिमांशु शर्मा दिल्ली एवं ज्योतिषी पुरन सोनी कोटा ने बताया यह कार्यक्रम श्री कुंज बिहारी सेवा धाम, रुक्मणी विहार, छटीकरा रोड, श्रीधाम वृंदावन में आयोजित किया जाएगा, जहां देशभर से विद्वान ज्योतिषाचार्य, वास्तु विशेषज्ञ, तंत्रज्ञ योगाचार्य एवं संत-महात्मा सहभागिता करेंगे।

विशेष आकर्षण के रूप में श्रीमती राधा रानी के जन्मोत्सव पर ब्रज रस अनुरागी पूर्णिमा जी (पूनम दीदी) के सानिध्य में 19 सितम्बर 2026 को रात्रि 8 बजे से विशाल भजन संध्या का आयोजन भी होगा, जिसमें भक्तिमय वातावरण में श्रद्धालु भाव-विभोर होंगे। आयोजन समिति के सदस्य पंकज शर्मा, संजय शर्मा, वैध प्राणेश कुमार वर्मा प्रभारी प्रभात द्विवेदी वृषभानु कनोडिया के अनुसार सम्मेलन में वैदिक ज्ञान, ज्योतिष विज्ञान, योग, आयुर्वेद एवं भारतीय वैदिक संस्कृति से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा, शोध एवं मार्गदर्शन दिया जाएगा। कार्यक्रम में देशभर से संत, विद्वान एवं श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। मुख्य संरक्षक मंडल में परम पूज्य संत-महात्माओं एवं धार्मिक विद्वानों का आशीर्वाद प्राप्त रहेगा। आयोजन को लेकर वृंदावन सहित धार्मिक जगत में उत्साह का माहौल बना हुआ है।

# एआरएम मथुरा पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप, संविदाकर्मियों ने खोला मोर्चा

**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के मथुरा डिपो में तैनात एआरएम पर भ्रष्टाचार और अवैध वसूली के गंभीर आरोप लगे हैं। संविदा परिचालकों और अन्य कर्मचारियों ने एआरएम मथुरा तथा टीआई नवनीत चौधरी के खिलाफ खुलकर आवाज उठाई है।

संविदाकर्मियों का आरोप है कि विभाग द्वारा प्रवर्तन कार्य से प्रतिबंधित किए जाने के बावजूद टीआई नवनीत चौधरी को एआरएम अपने साथ चेकिंग अभियानों में लेकर चलते हैं और कर्मचारियों पर दबाव बनाकर अवैध उगाही की जाती है।




नये बस स्टैंड पर तैनात संविदा परिचालक मोहन सिंह ने आरोप लगाया कि वह गोवर्धन से बस लेकर रवाना हुए थे और रास्ते में यात्रियों के टिकट बना रहे थे। इसी दौरान भगोसा के पास एआरएम मथुरा चेकिंग के लिए पहुंचे। मोहन सिंह के अनुसार एक यात्री का ऑनलाइन भुगतान तकनीकी कारणों से नहीं हो सका था, जिसके चलते उसकी टिकट नहीं बन पाई थी।

परिचालक का आरोप है कि इसी कमी को आधार बनाकर उन पर पैसों का दबाव बनाया गया। जब उन्होंने पैसे देने से इनकार कर दिया तो उनकी टिकट मशीन में डब्ल्यूटी दर्ज कर दी गई।

उनका कहना है कि डब्ल्यूटी कटने से उन्हें गहरा मानसिक आघात पहुंचा है। संविदाकर्मियों ने यह भी आरोप लगाया कि विभागीय नियमों की अनदेखी कर ऐसे अधिकारियों को संरक्षण दिया जा रहा है जिन पर पहले से ही सवाल उठते रहे हैं। कर्मचारियों ने मामले की निष्पक्ष जांच कराए जाने और दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

वहीं कर्मचारियों का दावा है कि जब एआरएम मथुरा से इस संबंध में सवाल किए गए और वीडियो बनाया जाने लगा तो वह अपनी गाड़ी लेकर वहां से चले गए।

फिलहाल परिवहन विभाग की ओर से इन आरोपों पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। मामले की सत्यता जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी। यदि कर्मचारियों द्वारा लगाए गए आरोप सही पाए जाते हैं तो यह परिवहन निगम की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करेगा।

# धूमधाम से मनाई गई लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की 301वीं जयंती

**राजीव मोंगरा**

**सहारनपुर(वेलकम इंडिया)।** युवा पाल समाज सेवा एवं उत्थान समिति, उत्तर प्रदेश और अखिल भारतीय पाल महासभा के संयुक्त तत्वावधान में आज लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर की 301वीं जयंती बेहद धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाई गई।




इस पावन अवसर पर शहर में एक भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें समाज के सैकड़ों लोगों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने रानी अहिल्याबाई होल्कर के गौरवशाली जीवन से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया।

आज आयोजित कार्यक्रम में शोभायात्रा का विधिवत शुभारंभ खलासी लाइन स्थित गोपाल मंदिर से हुआ। यह शोभायात्रा शहर के मुख्य मार्गों और घंटाघर से होते हुए अत्यंत अनुशासित ढंग से पुनः गोपाल मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई। शोभायात्रा के दौरान माता अहिल्याबाई होल्कर के जीवन को दशार्ती सुंदर झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं।

समारोह के मुख्य अतिथि, अखिल भारतीय पाल महासभा (हरियाणा) के नर सिंह पाल ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि हमें माता अहिल्याबाई के जीवन मूल्योंकृत्याग, ईमानदारी और धर्मपरायणता को अपने जीवन में अपनाकर समाज और राष्ट्र की निःस्वार्थ सेवा करनी चाहिए।

एक कुशल नारी शासक के रूप में उनका आदर्श, एक धर्मनिष्ठ महिला के रूप में उनकी प्रेरणा और जनसेविका के रूप में उनका पूरा जीवन आज भी देश के लिए एक प्रकाशस्तंभ की तरह है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पहुंचे नगर निगम के महापौर डॉ. अजय सिंह ने पाल समाज को एक बड़ी सौगात दी।

उन्होंने मंच से आधिकारिक घोषणा करते हुए कहा कि नगर निगम द्वारा जल्द ही शहर में लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के नाम पर एक भव्य व प्रमुख चौक का निर्माण कराया जाएगा। मेयर ने स्पष्ट किया कि इस चौक के निर्माण के लिए उपयुक्त जगह भी सुनिश्चित कर ली गई है, जिस पर जल्द ही काम शुरू होगा।

विशिष्ट अतिथि नायब तहसीलदार रवि कुमार पाल ने समाज के युवाओं और प्रबुद्ध वर्ग को एकजुट होकर आगे बढ़ने का संदेश दिया।

उन्होंने कहा कि पाल समाज को अब अपनी राजनीतिक भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी और समाज के विकास के लिए सम्मानित पदों पर आगे आना होगा। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष अनम पाल, संरक्षक बलजीत चौधरी, पार्षद सोपिन पाल और संरक्षक पप्पू पाल ने भी अपने विचार व्यक्त किए और समाज को कुरीतियों से दूर रहकर संगठित होने की अपील की। कार्यक्रम में पाल समाज के कई गणमान्य पदाधिकारी और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

# मुकुट मुखारविंद मन्दिर में रिसीवर कपिल चतुर्वेदी ने किया रबड़ी अभिषेक

**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**मथुरा।** गोवर्धन में पुरुषोत्तम मास में पूर्णिमा के अवसर पर श्रद्धालुओं का जन सैलाब अपने आराध्य गिरिराज जी की परिक्रमा देने के लिए उमड पड़ा।

भजन कीर्तन करते हुए लोगों ने पूजा अर्चना कर गिरिराज जी की जी की परिक्रमा कर मनौती मांगी। श्रद्धा और भक्ति का सैलाब ऐसा उमडा की पैर रखने को भी जगह नजर नहीं आई। वृद्ध महिला पुरुष युवाओं में जोश देखा गया। गिर्राज नगरी गिरिराज महाराज की जयकारों से गूंज उठी।



भक्तों ने सुबह मानसी गंगा में स्नान कर मुकुट मुखारविंद मानसी गंगा पर गिरिराज जी का अभिषेक कर पूजा अर्चना की। इस अवसर पर प्रातः बेला में राधे बाबा गोलोक धाम के पीठाधीश्वर कन्हैया बाबा महाराज के सानिध्य में रिसीवर कपिल चतुर्वेदी ने गिर्राज महाराज का गुलाब जल गंगा जल व रबड़ी से महाअभिषेक किया गया। पुरुषोत्तम मास के अवसर पर मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। रंग बिरंगी रोशनी की गई है। श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। सायं को ठाकुर जी ने मनोहरी आकर्षक रत्नों से सुशोभित पीले रंग की पोशाक धारण कर फूल बंगले में विराजमान होकर भक्तों को दर्शन दिए।

गिर्राज भगवान को छप्पन भोग अर्पित किया गया। जिसे देखकर श्रद्धालु भक्त भक्ति में भाव विभोर हो गए। मंदिर में शहनाई वादन व भजनों की धुन पर भक्त नृत्य करते हुए नजर आए।सायं आरती में भारी भीड़ रही। वहीं हर गोकुल मंदिर दानघाटी मंदिर राधा कुंड श्याम कुंड गोविंद कुंड सुरभी कुंड जतीपुरा में भी लोगों ने पूजा अर्चना की गई। श्रद्धालुओं को कोई परेशानी ना हो इसके लिए मंदिर प्रशासन ने व्यापक प्रबंध किए हैं। श्रद्धालुओं की सुरक्षा साफ सफाई पेय जल आदि की व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

# स्वच्छता के संकल्प के साथ जिला पंचायत अध्यक्ष ने कौशलपुरी में चलाया सफाई अभियान



**फतेह खान**

**अयोध्या(वेलकम इंडिया)।** नगर निगम अयोध्या द्वारा संचालित 'हर रविवार, हर परिवार करे गंदगी पर वार' अभियान के अंतर्गत रविवार को कौशलपुरी कॉलोनी, सरायरसी में व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान में जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह तथा जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि आलोक सिंह रोहित ने स्वयं श्रमदान कर नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह ने कहा कि स्वच्छता किसी एक संस्था या विभाग का दायित्व नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। जनसहभागिता से ही स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ अयोध्या का निर्माण संभव है। उन्होंने लोगों से नियमित रूप से स्वच्छता अभियान में भाग लेने और अपने आसपास साफ-सफाई बनाए रखने का आह्वान किया। जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि आलोक सिंह रोहित ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत के संकल्प को जनआंदोलन का स्वरूप देना हम सभी की जिम्मेदारी है। नगर निगम द्वारा चलाया जा रहा यह अभियान तभी सफल होगा जब प्रत्येक परिवार इसे अपना अभियान समझकर आगे बढ़े। उन्होंने कहा कि स्वच्छ वातावरण न केवल बीमारियों से बचाव का माध्यम है, बल्कि यह हमारी सामाजिक चेतना और नागरिक संस्कारों का भी परिचायक है। उन्होंने नागरिकों से सप्ताह में कम से कम एक दिन अपने मोहल्ले और सार्वजनिक स्थलों की सफाई के लिए समय निकालने की अपील की। अभियान के दौरान क्षेत्र में सफाई कार्य के साथ लोगों को अपने घरों एवं आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में पार्षद धर्मवीर, ब्रजनाथ सिंह, डॉ. बी.एन. राय, एस.के. तिवारी, श्यामेश कुमार सिंह, सूर्यभान सिंह, पूनम सिंह, संध्या सिंह, राधिका सिंह, उषा राय, किरण तिवारी, नमीता वर्मा, कुमारी पूनम एवं सरोज सिंह सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# पुरुषोत्तम मास में श्रद्धालुओं की सेवा हेतु राधाकुण्ड परिक्रमा मार्ग पर नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर शुरू

## जी.एम. नर्सिंग पैरामेडिकल कॉलेज एवं सेवा भारती की पहल, श्रद्धालुओं को मिल रही स्वास्थ्य सुविधाएं



**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**मथुरा/गोवर्धन।** पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर श्रद्धालुओं एवं स्थानीय नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जी.एम. नर्सिंग पैरामेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, गोवर्धन एवं सेवा भारती ब्रज प्रांत गोवर्धन खंड जिला कोसी के संयुक्त सौजन्य से राधाकुण्ड परिक्रमा मार्ग स्थित नूतन स्वामी जी की बगीची पर निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ किया गया। शिविर का उद्घाटन नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि मनीष लम्बरदार, समाजसेवी जितेंद्र प्रोहित, सचिव बृजेंद्र शर्मा, नागेंद्र शर्मा, डॉ. विन्देश कुमार सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। उद्घाटन अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि पुरुषोत्तम मास में लाखों श्रद्धालु गोवर्धन एवं राधाकुण्ड क्षेत्र में दर्शन-पूजन और परिक्रमा के लिए पहुंचते हैं। ऐसे समय में स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता अत्यंत आवश्यक होती है। जी.एम. नर्सिंग पैरामेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल द्वारा लगाया गया यह निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर जनसेवा और मानव सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण है, जिससे श्रद्धालुओं को तत्काल चिकित्सा सहायता उपलब्ध हो रही है। इस अवसर पर अतिथियों ने जी.एम. नर्सिंग पैरामेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल की इस जनहितकारी पहल की सराहना करते हुए कहा कि समाज सेवा और मानव सेवा के ऐसे कार्य निरंतर होते रहने चाहिए। उन्होंने शिविर के सफल संचालन के लिए डॉ. ललित, डॉ. अविनाश, गुरुदेव, महेश, विष्णु, राहुल, विनीत सहित समस्त चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ एवं स्वयंसेवकों को शुभकामनाएं दीं।

# लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर की 301वीं जयंती पर एडफाई वर्ल्ड स्कूल में भव्य समारोह आयोजित

**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**देहरादून।** होल्कर एजुकेशनल ट्रस्ट, देवी अहिल्याबाई होल्कर उत्सव समिति (उत्तराखण्ड) एवं एडिफाई वर्ल्ड स्कूल, देहरादून के संयुक्त तत्वावधान में लोकमाता पुण्यश्लोक देवी अहिल्याबाई होल्कर की 301वीं जयंती श्रद्धा, भक्ति एवं उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में धार्मिक अनुष्ठान, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, सम्मान समारोह एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, समाजसेवियों, शिक्षाविदों एवं गणमान्य नागरिकों ने सहभागिता की।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तराखण्ड सरकार के कैबिनेट मंत्री माननीय सौरभ बहुगुणा रहे। इस अवसर पर देवी अहिल्या बाई होल्कर उत्सव समिति ने पद्म भूषण से सम्मानित एवं उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल माननीय भगत सिंह कोश्यारी का प्रथम नागरिक अभिनंदन किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति लोकपाल सिंह (सेवा निवृत) उपस्थित रहे।

कार्यक्रम मे माननीय मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि के रुप मे डॉ. विनय कुमार रूहेला ने माननीय मुख्यमंत्री का संदेश सुनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ पार्थिव शिवलिंग पूजन, महारुद्राभिषेक, वैदिक मंत्रोच्चार, महाआरती एवं देवी अहिल्याबाई होल्कर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। वक्ताओं ने देवी अहिल्याबाई होल्कर के आदर्श शासन, न्यायप्रियता, महिला सशक्तिकरण, धर्म संरक्षण एवं जनकल्याणकारी कार्यों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए उनके जीवन को वर्तमान समाज के लिए प्रेरणास्रोत बताया।

अपने संबोधन में अतिथियों ने कहा कि देवी अहिल्याबाई होल्कर भारतीय इतिहास की ऐसी महान शासक थीं जिन्होंने न्याय, सेवा, करुणा और धर्म के आधार पर आदर्श शासन स्थापित किया। उन्होंने देशभर में अनेक मंदिरों, घाटों एवं तीर्थस्थलों का जीर्णोद्धार कर भारतीय संस्कृति एवं सनातन परंपरा के संरक्षण में अमूल्य योगदान दिया।

कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण 'देवी अहिल्याबाई होल्कर सम्मान समारोह' रहा, जिसमें समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाली 55 विशिष्ट विभूतियों को देवी अहिल्या बी होकर



उत्सव समिति द्वारा सम्मानित किया गया। शिक्षा, चिकित्सा, सामाजिक सेवा, महिला सशक्तिकरण, संस्कृति, युवा विकास, पर्यावरण संरक्षण एवं जनकल्याण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले व्यक्तियों को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एडिफाई वर्ल्ड स्कूल, देहरादून के शैक्षणिक सत्र 2025-26 के टॉपर्स को भी सम्मानित किया गया। विद्यालय के मेधावी विद्यार्थियों को उनकी उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए सम्मानित करते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गईं। इसके अतिरिक्त समर कैंप 2025-26 में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों ने समर कैंप के दौरान खेल, तैराकी, कला एवं शिल्प, व्यक्तित्व विकास तथा साहसिक गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता निभाई। प्रतिभागियों के उत्साह एवं प्रदर्शन की सभी अतिथियों ने सराहना की।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। अंत में विशाल भंडारे (महाप्रसाद) का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं अतिथियों ने प्रसाद ग्रहण किया।

कार्यक्रम के सफल आयोजन पर होल्कर एजुकेशनल ट्रस्ट, देवी अहिल्याबाई होल्कर उत्सव समिति (उत्तराखण्ड) एवं एडिफाई वर्ल्ड स्कूल, देहरादून की ओर से सभी अतिथियों, सम्मानित विभूतियों, विद्यार्थियों एवं उपस्थित जनसमूह का आभार व्यक्त किया गया।

उत्तराखंड सरकार की उप सचिव ऋचा, अन्य पिछड़ा वर्ग के पूर्व ब्लॉक प्रमुख खेम सिंह पाल भी इस मौके पर मौजूद रहे। कार्यक्रम के संयोजक समिति के एडवोकेट पंकज होल्कर, अनिल कुमार पाल, डी. के.पाल, राजेश पाल, सुभे सिंह पाल, शशांक पाल, बबलू पाल, एडवोकेट ओम प्रकाश पाल, प्रधानाचार्य यशवंत पाल, सुभाष चंद पाल, राज कुमार पाल, शेर सिंह पाल, आदि ने एवं एडिफाई वर्ल्ड स्कूल, देहरादून के प्रधानाचार्य प्रदीप गौड की ओर से सभी अतिथियों, सम्मानित विभूतियों, विद्यार्थियों एवं उपस्थित जनसमूह का आभार व्यक्त किया गया। अनेक गणमान्य अतिथियों, सामाजिक कार्यकताओं एवं शिक्षाविदों ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई।

इस अवसर पर उपस्थित गण पूर्व प्रधान जगदीश पाल, पवन पाल, तरुण पाल , राजेश हिरनवाल, अशोक पाल, राजेश पाल , डॉ राजेश पाल, छत्र पाल, रामकुमार पाल, सतीश कुमार पाल, राजीव कुमार पाल, मंजीत वर्मा, हेमंत पाल, अजय पाल, घनश्याम पाल, सुभाष पाल , मनोज पाल , राजेश चंदेल , प्रमोद पाल , पाल एसोसिएट , जितेंद्र पाथी, पुनीत पाल , राकेश कुमार पाल मौजूद रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता अखिल छतरी पाल महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय सिंह पाल ने की ।

# संतकबीरनगर पुलिस द्वारा झपटमारी व छिनैती के मामले में 02 अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन में, क्षेत्राधिकारी मेंहदावल सर्व दवन सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद संतकबीरनगर में अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी एसओजी प्रभारी उ0नि0 रजनीश राय, हे0का0 अनुप राय, का0 दीपक सिंह, का0 अभिषेक सिंह, का0 सर्वेश मिश्रा, का0 शुभम सिंह , का0 विवेक मिश्रा, प्रभारी निरीक्षक थाना मेंहदावल राकेश कुमार सिंह, उ0नि0 आशुतोष मणि त्रिपाठी, उ0नि0 मैनेजर यादव, हे0का0 रामरतन तिवारी, हे0का0 सुरेन सिंह, का0 अनुराग कुमार सिंह, रि0का0 विशाल निषाद ।

एण्टी थेप्ट सेल का0 वीर बहादुर यादव, का0 अरुण हलवाई, का0 ज्ञानप्रकाश सिंह सर्विलांस टीम ने झपट्टेमारी व छिनैती के 02 अभियुक्त मो0 कामिल उर्फ अली पुत्र नौशाद अली निवासी सीधारीपुर थाना गोरखनाथ जनपद गोरखपुर, मो0 अहमद उर्फ अली उर्फ नाटे पुत्र स्व0 अब्दुल समद ग्राम सुन्नीपुर निकट गीता प्रेस थाना कोतवाली गोरखपुर जनपद गोरखपुर को मेंहदावल-नौलखा मार्ग मुहिया पुल के पास से गिरफ्तार किया है । पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीणा ने बताया कि वादी इरशाद अहमद पुत्र मो0 अली निवासी अछिया थाना मेंहदावल ने थाना मेंहदावल पर प्रार्थना पत्र दिया कि दिनांक 23.05.2026 की शाम मेरी माँ घर के सामने बैठी थी तभी दो अज्ञात व्यक्ति मोटरसाइकिल से आए और मेरी माँ से पानी मांगने के बहाने करीब आकर एक व्यक्ति मेरी माँ के गले में पहने हुए सोने की चैन को जबरन छीन कर भाग गया । उक्त प्रार्थना पत्र के आधार पर थाना मेंहदावल पर मु0अ0सं0 223/2026 धारा 304(2) बीएनएस



पंजीकृत किया गया था। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों से पूछताछ करने पर उन्होंने बताया कि वे नशे के आदी हैं तथा आर्थिक तंगी होने पर विभिन्न स्थानों पर घूम-घूमकर झपट्टामारी, छिनैती एवं चोरी जैसी घटनाओं को अंजाम देते हैं ।अभियुक्त मो० अहमद उर्फ अली उर्फ नाटे ने बताया कि वर्ष 2020 में चोरी से प्राप्त धन के बंटवारे को लेकर अपने साथ रहने वाले एक मित्र से विवाद हो गया था। विवाद के दौरान नशे की हालत में उसने पत्थर से सिर पर तथा ब्लेड से गर्दन पर वार कर उसकी हत्या कर दी थी ।पूछताछ के दौरान अभियुक्त मो० अहमद के कब्जे से अवैध गांजा बरामद हुआ। बरामद मोटरसाइकिल के संबंध में पूछने पर अभियुक्तों ने बताया कि दिनांक 21.05.2026 को चोरी की गई मोटरसाइकिल की तेल टंकी का ढक्कन खुला हुआ था, जिससे वाहन चलाते समय तथा स्पीड ब्रेकर पर पेट्रोल उछलकर उनके ऊपर गिर रहा था। इस कारण उन्होंने उक्त मोटरसाइकिल को लाल डिग्गी क्षेत्र के आसपास छोड़ दिया था । अभियुक्तों ने आगे बताया कि उसी दिन रात्रि लगभग 09:00 बजे, थाना कोतवाली जनपद गोरखपुर क्षेत्रान्तर्गत जगनाथपुर वनकटी चक दुर्गा मंदिर के पास से एक अन्य मोटरसाइकिल चोरी की थी। चोरी के बाद दोनों अभियुक्त अपने ठिकाने पर जाकर सो गए । अभियुक्तों ने बताया कि गोरखपुर शहर में अधिक संख्या में सीसीटीवी कैमरे लगे होने के कारण वे वहां चेन स्नैचिंग अथवा लूट की घटनाओं को अंजाम नहीं दे सके। इसलिए उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों को अपना निशाना बनाया। घटना के दौरान वे कैप पहनकर तथा मुंह ढककर चलते थे, जिससे उनकी पहचान न हो सके। साथ ही वे अपने पास मिर्च पाउडर भी रखते थे, ताकि विरोध होने पर उसे फेंककर आसानी से फरार हो सकें । थाना क्षेत्र में घटित चैन स्नैचिंग की घटना के संबंध में कड़ाई से पूछताछ करने पर अभियुक्तों ने स्वीकार किया कि दिनांक 23.05.2026 को ग्राम अछिया में एक महिला से पानी मांगने के बहाने उसके गले से सोने की चेन झपटकर फरार हो गए थे। उक्त सोने की चेन को उन्होंने एक अज्ञात व्यक्ति को 25,000/- में बेच दिया था । अभियुक्तों के पास से बरामद धनराशि के संबंध में पूछने पर उन्होंने बताया कि बरामद रुपये उसी सोने की चेन को बेचने से प्राप्त धनराशि का हिस्सा हैं, जबकि शेष धनराशि खाने-पीने एवं अन्य आवश्यक खर्चों में व्यय कर दी गई। अभियुक्तों द्वारा उक्त घटना कारित करना स्वीकार किया गया है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से 02 किलो 100 ग्राम अवैध गांजा, 04 अदद मोबाईल, लाल मिर्च पाउडर, 01 अदद पर्स, चाभी का गुच्छा, 06 अदद सिम, 01 अदद मोटरसाइकिल, 10000 रुपया नगद बरामद किया गया है। थाना मेंहदावल पर गिरफ्तारी व बरामदी के आधार पर मु0अ0स0 226/2026 धारा 8/20 एनडीपीएस पंजीकृत किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त मो0 कामिल उर्फ अली पुत्र नौशाद अली निवासी सीधारीपुर थाना गोरखनाथ जनपद गोरखपुर का आपराधिक इतिहास- मु0अ0सं0 73/2026 धारा 110,115(2), 191(2), 191(3), 351(3), 352 बीएनएस थाना कोतवाली गोरखपुर जनपद गोरखपुर। मु0अ0सं0 52/2025 धारा 305( ), 317(2) बीएनएस थाना तिवारीपुर जनपद गोरखपुर ।गिरफ्तार अभियुक्त मो0 अहमद उर्फ अली उर्फ नाटे पुत्र स्व0 अब्दुल समद ग्राम सुन्नीपुर निकट गीता प्रेस थाना कोतवाली गोरखपुर जनपद गोरखपुर का आपराधिक इतिहास- मु0अ0सं0 807/2020 धारा 201,302 भादवि थाना गोरखनाथ जनपद गोरखपुर । मु0अ0सं0 24/2021 धारा 3(1) गैंगेस्टर एक्ट थाना गोरखनाथ जनपद गोरखपुर । मु0अ0सं0 153/2023 धारा 323,504,506 भादवि थाना कोतवाली गोरखपुर जनपद गोरखपुर। पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर संदीप कुमार मीना द्वारा गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीमों के उत्साहवर्धन हेतु 25000 रु0 नगद पुरस्कार देने की घोषणा की गयी।

## जयंत चौधरी की रैली को सफल बनाने में जुटे रालोद नेता, गांव-गांव किया जनसंपर्क



**मोहसिन रहमानी**

**कांधला(वेलकम इंडिया)।** राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी की 10 जून को गांव काबडौत में प्रस्तावित जनसभा को लेकर पार्टी नेताओं ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। रैली को सफल बनाने के उद्देश्य से रविवार को रालोद के सदर विधायक प्रसन्न चौधरी ने क्षेत्र के आधा दर्जन से अधिक गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाकर लोगों से अधिक से अधिक संख्या में रैली में पहुंचने की अपील की ।जनसंपर्क अभियान के दौरान विधायक प्रसन्न चौधरी ने गांव भनेड़ा कनियान, डांगरौल, रामपुर खेड़ी, भभीसा, सुन्ना, आजादपुर, भारसी, मतनावली समेत कई गांवों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से संवाद करते हुए कहा कि जयंत चौधरी किसानों, युवाओं और आमजन के हितों की आवाज को मजबूती से उठा रहे हैं। उन्होंने लोगों से रैली में पहुंचकर अपने नेता का स्वागत करने और कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया ।रालोद युवा नेता राजन जावला ने युवाओं से बड़ी संख्या में रैली में शामिल होने की अपील की और कहा कि जयंत चौधरी की नीतियां युवाओं, किसानों और मजदूरों के हित में हैं ।जनसंपर्क अभियान के दौरान पार्टी कार्यकताओं और ग्रामीणों में उत्साह देखने को मिला। इस मौके पर प्रदीप हुड्डा, नवीन हुड्डा, सोमगिरि प्रधान, रविंद्र प्रधान, पप्पू भारसी, बलवीर मास्टर, उपेंद्र डांगरौल, योगेश सहित आदि कार्यकर्ता व ग्रामीण मौजूद रहे।

## आखिरी गेंद पर चौका, बारी टोला बनी चैंपियन; रोमांचक फाइनल के साथ संपन्न हुआ 15वां डे-नाइट क्रिकेट टूनार्मेंट

**धन दयाल पाण्डेय**

**कुशीनगर(वेलकम इंडिया)।** खेल प्रतिभाओं को निखारने और ग्रामीण युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से तरया सुजान के पठानी टोला स्थित यूनिटी स्टेडियम में आयोजित 15वें डे-नाइट क्रिकेट टूनार्मेंट का शनिवार देर रात भव्य समापन हो गया। दो दिनों तक चले इस क्रिकेट महाकुंभ का फाइनल मुकाबला बारी टोला और खलवा टोला के बीच खेला गया, जिसने दर्शकों को अंत तक रोमांच से बांधे रखा। मैच का फैसला अंतिम गेंद पर हुआ, जहां बारी टोला ने चौका लगाकर खिताब अपने नाम कर लिया।

फाइनल मुकाबले में खलवा टोला की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। निर्धारित 10 ओवरों में टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए 83 रन का चुनौतीपूर्ण लक्ष्य खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी बारी टोला की टीम ने भी आक्रामक शुरूआत की,



लेकिन खलवा टोला के गेंदबाजों ने लगातार दबाव बनाए रखा। जैसे-जैसे मैच अंतिम ओवरों की ओर बढ़ा, मैदान में मौजूद सैकड़ों दर्शकों की धड़कनें तेज होती चली गईं।

मुकाबला उस समय अपने चरम रोमांच पर पहुंच गया जब बारी टोला को अंतिम गेंद पर जीत के लिए चार रन की आवश्यकता थी। पूरे मैदान की निगाहें आखिरी गेंद पर टिकी थीं। बल्लेबाज ने दबाव को पीछे छोड़ते हुए शानदार शॉट खेला और गेंद को सीमा रेखा के पार पहुंचा दिया। चौका लगते ही मैदान तालियों और जयकारों से गूंज उठा। खिलाड़ियों और समर्थकों ने जीत का जमकर जश्न मनाया।

विजेता टीम को ट्रॉफी और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। खिलाड़ियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए भी सम्मानित किया गया। आयोजन के दौरान खेल भावना, अनुशासन और प्रतिस्पर्धा का बेहतरीन उदाहरण देखने को मिला।

टूनार्मेंट के आयोजक एवं क्रिकेट हाइलाइट्स डॉट कॉम के चेयरमैन दानिश अहमद खान ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, आवश्यकता केवल उन्हें उचित मंच देने की है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष प्रतियोगिता में लगभग पांच किलोमीटर के दायरे की स्थानीय टीमों को आमंत्रित किया गया था, ताकि क्षेत्रीय खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिल सके।

उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य केवल क्रिकेट प्रतियोगिता कराना नहीं, बल्कि युवाओं को नशे और अन्य सामाजिक बुराइयों से दूर रखकर खेलों के प्रति प्रेरित करना है। उनका प्रयास है कि आने वाले वर्षों में यह टूनार्मेंट और बड़े स्तर पर आयोजित हो तथा यहां से निकलने वाले खिलाड़ी जिले, प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाएं।

समापन समारोह के दौरान पत्रकार आसिफ खान, हाफिज हामिद राजा एवं अजान को समिति की ओर से विशेष अतिथि सम्मान प्रदान किया गया।

आयोजन समिति ने उनके सहयोग और योगदान की सराहना की। टूनार्मेंट को सफल बनाने में आजाद खान सोनू, आरिफ खान, जावेद खान, जीशान खान, अजान खान, नूर मोहम्मद खान जादूगर, मुराद खान, साहिल, इजहार, इसफाक, बिट्टू तथा जहान की महत्वपूर्ण भूमिका रही। समिति के सदस्यों ने पूरे आयोजन के दौरान व्यवस्थाओं को संभालते हुए प्रतियोगिता को सफल बनाने में अहम योगदान दिया।

## भाई-बहन पर धारदार हथियार से हमला, तीन आरोपी गिरफ्तार



**मोहसिन रहमानी**

**कांधला(वेलकम इंडिया)।** थाना क्षेत्र के मोहल्ला मुस्तफाबाद में तीन दिन पूर्व घर में घुसकर भाई-बहन पर हमला करने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनका चालान कर दिया है। एक फरार आरोपी की तलाश में पुलिस दबिश दे रही है। कस्बे के मोहल्ला मुस्तफाबाद निवासी उमर पुत्र रशीद ने थाने में तहरीर देकर बताया था कि वह अपने घर पर बैठा हुआ था। आरोप है कि इसी दौरान शौकीन पुत्र शफीक, गय्यूर पुत्र शफीक, फरीद पुत्र शफीक तथा अबू शामी पुत्र गय्यूर लाठी, डंडे और धारदार हथियार लेकर उसके घर में घुस आए। आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए उसके भाई आसिफ और बहन बुशरा पर हमला कर दिया ।हमले में आसिफ गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि बुशरा के हाथ में भी धारदार हथियार से चोट आई। शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और दोनों को आरोपियों के चंगुल से छुड़ाया। इसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। घायल आसिफ का उपचार जिला अस्पताल शामली में चल रहा है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की।

## आए दिन जाम की समस्या से जूझ रहे राहगीर: दुधारा थाना क्षेत्र के सेमरियावां का मामला



**मुहम्मद परवेज अख्तर**

**संतकबीरनगर(वेलकम इंडिया)।** बीएमसीटी बस्ती- मेहदावल मार्ग पर स्थित सेमरियावां चौराहे पर आये दिन जाम की समस्या से राहगीरो सहित क्षेत्रीय ग्रामीण पूरी तरह परेशान हैं लेकिन यह समस्या लाइलाज बनती जा रही है।

बीएमसीटी बस्ती - मेहदावल मार्ग पर स्थित सेमरियावां बाजार क्षेत्र का प्रमुख बाजार और चौराहा है इस चौराहे पर ही ब्लाक, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, पशु अस्पताल, बाल विकास परियोजना कार्यालय सहित दर्जनों स्कूल स्थित हैं जहां हजारों की संख्या में लोग प्रतिदिन आते जाते हैं।

सड़क किनारे दुकान और दुपहिया और चार वाहनों की पार्किंग के कारण आये दिन जाम की समस्या से लोग परेशान हो रहे हैं जो कि राहगीरों सहित क्षेत्रवासियों की परेशानी का कारण बना हुआ है। ग्रामीण मुहम्मद सुलेमान चौधरी, अनीस अहमद, अफसरुद्दीन, अतीक अहमद, मुहम्मद अकरम नजीर, खुर्शीद आलम, नजरुल हसन, महेश कुमार, नफीस अहमद, मोईनुद्दीन, अतीकुर्रहमान, सैयद शफीकुर्रहमान, मौलाना शकील अहमद आदि ने प्रशासन से व्याप्त समस्या के समाधान की मांग किये हैं।

## पुलिस पर अवैध हिरासत और वसूली का आरोप, युवक का दूसरा वीडियो वायरल

**मोहसिन रहमानी**

**कांधला(वेलकम इंडिया)।** कस्बे के मोहल्ला खेल निवासी एक युवक ने पुलिस पर अवैध रूप से हिरासत में रखने और कथित तौर पर रुपये वसूलने का आरोप लगाते हुए रविवार को अपना एक और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। युवक ने न्याय न मिलने पर शामली स्थित पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सामने आत्महत्या करने की चेतावनी भी दी है कस्बे के मोहल्ला खेल निवासी आरिफ पुत्र लतीफ ने एडीजी मेरठ और एसपी शामली को भेजे शिकायती पत्र तथा वायरल वीडियो में आरोप लगाया है कि बीते शुक्रवार को मोहल्ले में दो पक्षों के बीच मारपीट हुई थी। घटना के बाद वह सरकारी अस्पताल पहुंचा था, जहां एक पक्ष के लोगों ने उसके साथ भी मारपीट की। आरोप है कि इसके बावजूद पुलिस ने कार्रवाई करने के बजाय उसे ही हिरासत में ले लिया ।आरिफ का कहना है कि उसे अवैध रूप से थाने में बैठाकर रखा गया और छोड़ने के नाम पर उससे 16 हजार रुपये भी ले लिए गए। उसने कुछ



पुलिसकर्मियों पर मारपीट करने तथा अपराधियों जैसा व्यवहार करने के आरोप भी लगाए हैं। युवक ने चेतावनी दी है कि यदि उसे जल्द न्याय नहीं मिला तो वह शामली स्थित एसपी कार्यालय के सामने आत्महत्या कर लेगा ।बताया जा रहा है कि आरिफ ने 24 घंटे के भीतर दूसरा वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर पुलिस कार्रवाई पर सवाल उठाए हैं। वीडियो क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। मामले में पुलिस की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक बयान या पुष्टि सामने नहीं आई है। वहीं, शिकायत के बाद प्रकरण की जांच की चर्चा है।

## रामज्ञानी फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित हुआ पत्रकार सम्मान समारोह एवं पौधा वितरण

### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्मदिन पर ओजस्वी मिश्र वितरित करेंगे 21001 पौधे

**धन दयाल पाण्डेय**

**कुशीनगर(वेलकम इंडिया)।** तमकुहीराज पत्रकारिता लोकतंत्र का चौथा स्तम्भ हैं और हमारी समाज की आईना है जो सही को और गलत को उजागर करने का साहस रखता है। पत्रकारिता धरातल में सच्चाई की खोज करना, घटनाओं को निष्पक्ष रूप से प्रस्तुत करना और नागरिकों को वे सभी आवश्यक जानकारियाँ प्रदान करना है, जिससे वे अपने जीवन और समाज के बारे में सही निर्णय ले सकें यह बहुत चुनौतीपूर्ण और बेहतरीन कार्य है।

उक्त बातें शनिवार को सायंकाल कोइदी बरियापुर में युवा समाजसेवी ओजस्वी मिश्र ने हिन्दी पत्रकारिता दिवस पर आयोजित पत्रकार सम्मान समारोह एवं प्रेस वार्ता में कहा। वहीं रामज्ञानी फाउंडेशन के संचालक प्रशांत शाही ने कहा कि आज हिन्दी पत्रकारिता के दो सौ वर्ष पूर्ण हो गए जो हमारी ऐतिहासिक गौरवमय यात्रा




को दशार्ता है, हिन्दी पत्रकारिता भारत की आजादी में एक क्रांतिकारी कदम था और आज भी हमारे जीवन में परिष्कार कर रहा है।

प्रेस वार्ता में समाजसेवी ओजस्वी मिश्र ने सभी पत्रकारों को धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा कि यह पत्रकारों का सम्मान प्रत्येक नागरिक की नैतिक जिम्मेदारी है और ऐसा कार्यक्रम हर वर्ष होगा। आगामी पांच जून को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्मदिन और पर्यावरण दिवस पर इक्कीस हजार पौधे वितरित करने की घोषणा किया। कार्यक्रम के अंत में सबको अंगवस्त्र, कलम और पौधा वितरित किया गया। इस अवसर पर विकास मिश्रा, ओमप्रकाश शर्मा, बालमुकुंद चौहान, धावक रवि मौर्या, पवन कुशवाहा, अमृत सिंह, गोलू सिंह, श्रवण गौतम, पप्पू बैठा, दीपू पाण्डेय, वैभव तिवारी आदि सैकड़ों गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## शाकंभरी देवी मंदिर में पहाड़ी बाढ़ से नुकसान, कमिश्नर और डीआईजी ने किया औचक निरीक्षण

**राजीव मोंगरा**

**सहारनपुर(वेलकम इंडिया)।** प्रसिद्ध सिद्धपीठ मां शाकंभरी देवी मंदिर परिक्षेत्र और शिवालिक की पहाड़ियों के ऊपरी इलाकों में अचानक हुई अत्यधिक मूसलाधार बरसात के कारण पहाड़ी नदी में तेज बाढ़ आ गई। इस अचानक आई बाढ़ और जलभराव के कारण मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों में श्रद्धालुओं की सुविधाओं को काफी क्षति पहुंची है। मामले की संवेदनशीलता और श्रद्धालुओं की सुरक्षा को देखते हुए आज सहारनपुर मंडल के आयुक्त (कमिशनर) और पुलिस उप महानिरीक्षक ने प्रशासनिक अमले के साथ शाकंभरी देवी क्षेत्र का आपातकालीन स्थलीय निरीक्षण किया।

अचानक हुई इस प्राकृतिक घटना



की सूचना मिलते ही आयुक्त सहारनपुर मंडल और पुलिस उप महानिरीक्षक, सहारनपुर रेंज तत्काल मौके पर पहुंचे। उनके साथ जिलाधिकारी सहारनपुर और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर भी मुख्य रूप से मौजूद रहे। शीर्ष अधिकारियों ने पूरे मंदिर परिसर, नदी के बहाव क्षेत्र, वीआईपी मार्ग और श्रद्धालुओं के आवागमन वाले रास्तों का बारीकी से पैदल चलकर निरीक्षण किया। अधिकारियों ने बाढ़ के कारण क्षतिग्रस्त हुए रास्तों, मलबे की स्थिति और सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान कमिश्नर ने मौके पर उपस्थित लोक निर्माण विभाग, जिला पंचायत, नगर निकाय और स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों को सख्त हिदायत दी। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा के साथ किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा।

नदी क्षेत्र और रास्तों पर जमा हुए मलबे और पत्थरों को आधुनिक मशीनों (जेसीबी) के जरिए तुरंत साफ कराया जाए। बाढ़ के कारण जिन बुनियादी सुविधाओं या संपर्क मार्गों को नुकसान पहुंचा है, उन्हें युद्धस्तर पर काम करके जल्द से जल्द सुचारू किया जाए। पेयजल, बिजली और श्रद्धालुओं के ठहरने वाले स्थानों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं ताकि आगामी दिनों में आने वाले भक्तों को कोई असुविधा न हो। डीआईजी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने पुलिस बल को निर्देशित करते हुए कहा कि जब तक पहाड़ियों पर मौसम पूरी तरह साफ नहीं हो जाता, तब तक नदी के खोल (बहाव क्षेत्र) में किसी भी श्रद्धालु या वाहन को प्रवेश न करने दिया जाए। संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल और गोताखोरों की तैनाती सुनिश्चित करने को कहा गया है, ताकि किसी भी अप्रिय स्थिति से तुरंत निपटा जा सके। स्थानीय थाना पुलिस को लाउडस्पीकर के माध्यम से लगातार अलर्ट जारी करने और श्रद्धालुओं को सुरक्षित स्थानों पर रोकने के निर्देश दिए गए हैं।

जिलाधिकारी ने स्थानीय अधिकारियों से कहा कि वे स्थिति पर चौबीसों घंटे पैनी नजर रखें और मौसम विभाग के अलर्ट के अनुसार ही आगे की रणनीति तय करें। प्रशासन ने सिद्धपीठ आने वाले श्रद्धालुओं से भी अपील की है कि वे पहाड़ी क्षेत्रों में मौसम के मिजाज को देखते हुए पूरी सावधानी बरतें और पुलिस व प्रशासन द्वारा जारी गाइडलाइंस का पूरी तरह पालन करें।

## हल्की बरसात में भी सड़कें हुई जलमग्न, राहगीर परेशान



**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**संतकबीरनगर।** रविवार को हुई हल्की बरसात से जहां गर्मी से लोगों को कुछ राहत मिली है वहीं प्रमुख चौराहो पर जलजमाव के कारण राहगीरो को परेशानी झेलनी पड़ी। दुधारा थाना क्षेत्र के सेमरियावां, बाघनगर, उसराशहीद, दुधारा, लोहरौली, सालेहपुर, चिउटना आदि प्रमुख चौराहो पर रविवार को हुई बरसात के कारण जलजमाव हों गया। बरसात से जहां गर्मी से लोगों को कुछ राहत मिली है वहीं प्रमुख चौराहों पर जलनिकासी के लिए नाला निर्माण नहीं होने के चलते जलजमाव हों गया। जिससे राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

# बहुजन समाज पार्टी के मंडल कार्यालय पर देर रात हुआ हंगामा

## क्या जिले के अंदर गुटबाजी बसपा को कर देगी तहस-नहस??







राजीव मोंगरा

**सहारनपुर(वेलकम इंडिया)।** आज रामनगर स्थित बहुजन समाज पार्टी के मंडल कार्यालय पर मुख्य मंडल प्रभारी मुनकाद अली, भीमराव अंबेडकर ओर जाफर मलिक के सामने मंडल स्तरीय मीटिंग में विधानसभा अध्यक्ष बेहट वेद प्रकाश, विधानसभा अध्यक्ष रामपुर मनिहारान राजू पालीवाल, विधानसभा प्रभारी नफे सिंह, ओर मोहकम सिंह सहित अनेक पदाधिकारीयों ने कहा कि पार्टी विरोधी गतिविधियों अनुशासनहीनता के नाम पर मंडल प्रभारी नरेश गौतम एवं उनकी गुटबाजी के चलते पिछले 15 वर्षों से बहुत ही समर्पित वफादार मिशनरी कार्यकताओं को पार्टी से लगातार बाहर निकाला जा रहा है।

अब हमें बिना कारण के निकाल दिया गया है आखिर यह सिलसिला कब तक चलेगा? क्या एक अकेला नरेश गौतम एवं उनकी गुट बाजी ही पार्टी को चलाएगी??? पार्टी कार्यकताओं ने कहा की आज अनुशासन के नाम पर पहली बार पार्टी कार्यालय पर देखने को मिला है कि पुलिस की मौजूदगी में मंडल स्तरीय मीटिंग संपन्न कराई गई है।

आखिर किसके कहने पर पार्टी कार्यालय पर पुलिस बुलाई गई या पार्टी कार्यकताओं को डराने-धमकाने ओर उनके मन में डर बैठने के नाम पर पार्टी कार्यालय पर पुलिस बुलाकर मीटिंग संपन्न कराई गई?? पार्टी के उक्त कार्यकर्ताओ ने आरोप लगया की मंडल कोऑर्डिनेटर नरेश गौतम ओर उनकी गुटबाजी ने अपनी गलत एवं मनमाने आचरणों को देखते हुए पुलिस की मौजूदगी में मीटिंग संपन्न कराई क्योंकि इनकी गुट बाजी के प्रति पूरे मंडल में नकारात्मकता का माहौल एवं इनका भारी विरोध है।

उक्त सभी पदाधिकारियों ने मुख्य मंडल प्रभारी मुनकाद अली, भीमराव अंबेडकर जाफर मलिक से गुहार लगाते हुए कहा की हम किसी पद पर बने नहीं रहना चाहते है हमें किसी पद की लालसा, इच्छा भी नहीं है किंतु इनकी लगातार गुट बाजी एवं मनमानियों पर अगर रोक नहीं लगाई गई तो आने वाले 2027 चुनाव में बहुजन समाज पार्टी को भारी भरकरम नुकसान उठाना पड़ सकता है।

इसके साथ ही बेहट विधानसभा अध्यक्ष वेदप्रकाश व उनके साथ आये पुरी विधानसभा के सेक्टर ओर बूथ कमेटी के अध्यक्ष समेत 36 मेन बॉडी के कर्मठ कार्यकर्ताओ ने स्टाम्प पेड पर लिखित इस्तीफा ये देते हुए दिया है की यदि अगले 24 घंटो में हमें सतुष्टि भरा जवाब नहीं गया तो हम सबका इस्तीफा स्वीकार कर लिया जाये।

मंडल कॉर्डिनेटर नरेश गौतम के विरोध मेँ पिछले दो महीने से लगातार कार्यकताओं मेँ रोष बढ़ता जा रहा है कभी पुतले जलाये जा रहे तो कभी मडल कार्यालय पर धरने दिए जा रहे है। यदि आगामी 2027 के विधानसभा चुनाव मे भी मडल सहारनपुर मे यही सब चलता रहा तो बसपा को पुरे मंडल मेँ भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है।

# तेज रफ्तार पिकअप ने बाइक सवार दंपति को रौंदा, महिला की मौत

वेलकम इंडिया संवाददाता



**शिकारपुर।** गंगा स्नान कर अपने घर वापस लौट रहे दंपती की बाइक को पिकअप गाड़ी ने रौंद दिया। इससे बाइक सवार महिला की मौत हो गई, जबकि उसका पति घायल हो गया। राहगीरों की मदद से घायलों को निजी अस्पताल पहुंचाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार को खुर्जा देहात थाना क्षेत्र के गांव गवां निवासी कुसुम देवी उम्र करीब 40 वर्ष पत्नी जगत सिंह के साथ पूर्णिमा पर अनूपशहर गंगा स्नान करने के बाद पति पत्नी दोनों अपने गांव वापस लौट रहा थे। इसी दौरान अनूपशहर- शिकारपुर मार्ग पर शिकारपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव अलैयाबड़ के पास शिकारपुर से अनूपशहर की ओर जा रही तेज रफ्तार पिकअप गाड़ी चालक ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार दंपति गंभीर रूप से घायल होकर दूर जा गिरे। मौके पर मौजूद राहगीरों ने घायलों को निजी अस्पताल पहुंचाया जहां पर डॉक्टरों ने घायल महिला कुसुम देवी को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक महिला को सरकारी शिकारपुर अस्पताल में लाया गया। जहां पर मृतक महिला के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया है। शिकारपुर कस्बा चौकी प्रभारी दिलीप कुमार ने बताया है मृतक कुसुम देवी के शव का पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। हालांकि समाचार लिखे जाने तक पुलिस को कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई थी परिजनों की तरफ से तहरीर आने के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# योगी के नेतृत्व में विकास की नई ऊँचाईयाँ छू रहा सहारनपुर: महापौर

राजीव मोंगरा



**सहारनपुर(वेलकम इंडिया)।** नगर निगम द्वारा वार्ड 41 के शुगर मिल क्षेत्र में बनवायी जा रही तीन सड़कों के निर्माण कार्य का आज महापौर डॉ. अजय कुमार ने विधिवत पूजा अर्चना करते हुए नारियल फोड़कर एवं सड़क पर गेंती मारकर शुभारंभ किया। इन तीनों सड़कों पर लगभग 40 लाख रुपये की लागत आयेगी। इस अवसर पर महापौर डॉ. अजय कुमार ने कहा कि नगर निगम शहर के प्रत्येक वार्ड में आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। इस सड़क निर्माण कार्य के पूर्ण होने से क्षेत्रवासियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी तथा जल निकासी की समस्या से भी काफी हद तक राहत प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि शहर के समग्र विकास और नागरिक सुविधाओं के विस्तार के लिए नगर निगम पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है। महापौर ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सहारनपुर निरंतर विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। नगर निगम द्वारा विभिन्न वार्डों में सड़क, नाली, प्रकाश व्यवस्था एवं अन्य जनहितकारी कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर कराया जा रहा है ताकि आम नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। महापौर डॉ. अजय कुमार भाजपा नेताओं के साथ जैसे ही शुगर मिल क्षेत्र पहुंचे लोगों ने महापौर डॉ. अजय कुमार, नगर विधायक राजीव गुंबर, भाजपा महानगर अध्यक्ष शीतल विश्नोई व क्षेत्रीय पार्षद संजय सैनी को फूल मालाओं से लाद दिया। क्षेत्र के लोगों ने क्षेत्र के विकास के लिए किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार जनहित के कार्यों को गति देने की उम्मीद जतायी। निगम अधिकारियों ने बताया कि निर्माण कार्य को निर्धारित समय सीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराया जाएगा ताकि क्षेत्रवासियों को इसका शीघ्र लाभ मिल सके। कार्यक्रम में पूर्व महानगर अध्यक्ष हेमंत अरोड़ा, महानगर उपाध्यक्ष संदीप रावत, मंडल महामंत्री रोहित, पूर्व सभासद राजेंद्र कुमार व कुक्कू वालिया सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# आहार पुलिस ने हत्या के प्रयास के मुकदमे में वांछित दो आरोपियों को किया गिरफ्तार




वेलकम इंडिया संवाददाता

**बुलंदशहर।** आहार, पुलिस ने हत्या के प्रयास के मुकदमे में वांछित चल रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से अवैध तमंचा, कारतूस, चाकू और चोरी की बैटरी बरामद की है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धाराओं में भी मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार थाना आहार में दर्ज मुकदमा संख्या 78/26 धारा 305 बीएनएस में वांछित अरविंद निवासी पट्टी डहर होली चौराहा थाना स्याना तथा रिंकू निवासी ग्राम चिट्टा थाना सलेमपुर को शनिवार रात चोरो नहर पुल के पास से गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान एक तमंचा 315 बोर, कारतूस, चाकू तथा दो बैटरियां बरामद हुईं। पुलिस जांच में सामने आया कि बरामद बैटरियां गाजियाबाद के वेब सिटी थाना क्षेत्र में दर्ज चोरी के मुकदमे से संबंधित हैं। दोनों आरोपियों का आपराधिक इतिहास भी बताया गया है। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेजने की कार्रवाई की गई। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी नीरज शर्मा समेत पुलिस टीम के अन्य सदस्य शामिल रहे।

# दंत चिकित्सकों ने जागरूकता रैली निकाल कर दिया स्वस्थ मुख, स्वस्थ जीवन का संदेश

राजीव मोंगरा




**सहारनपुर(वेलकम इंडिया)।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस के विशेष अवसर पर इंडियन डेंटल एसोसिएशन द्वारा शहर में एक विशाल जागरूकता रैली का सफल आयोजन किया गया। इस रैली का मुख्य उद्देश्य आम जनमानस को तंबाकू चबाने, सिगरेट-बीड़ी के सेवन और धूम्रपान से होने वाले जानलेवा नुकसानों व कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों के प्रति सचेत व जागरूक करना था।

इस भव्य जागरूकता रैली का विधिवत शुभारंभ इंडियन डेंटल एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. हिमांशु गुप्ता और डॉ. पंकज खन्ना द्वारा संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर किया गया। रैली का कुशल संचालन और नेतृत्व डॉ. शैलजा चटर्जी द्वारा किया गया, जिन्होंने पूरी रैली के दौरान लोगों को जागरूक करने में मुख्य भूमिका निभाई।

रैली के दौरान प्क। के सचिव डॉ. हरमन प्रीत सिंह एवं कोषाध्यक्ष डॉ. रमनदीप सिंह ने जनता से संवाद करते हुए तंबाकू को पूरी तरह से छोड़ने का पुरजोर संदेश दिया।

इस अवसर पर मौजूद सभी दंत चिकित्सकों ने समाज में एक सकारात्मक बदलाव लाने की उम्मीद और दृढ़ संकल्प के साथ स्वस्थ मुख, स्वस्थ जीवन' अभियान की औपचारिक शुरूआत की। डॉक्टरों ने बताया कि तंबाकू न सिर्फ फेफड़ों को बल्कि हमारे ओरल हेल्थ (मुंह के स्वास्थ्य) को सबसे पहले और सबसे बुरी तरह प्रभावित करता है। इस बेहद सराहनीय सामाजिक कार्यक्रम में शहर के प्रबुद्ध और नामचीन दंत चिकित्सकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ. विक्रांत, डॉ. आशीष, डॉ. पीयूष, डॉ. अंजलि, डॉ. समित, डॉ. वैभव, डॉ. अनुप्रिया, डॉ. अवनीश, डॉ. चारु, डॉ. दिग्विजय, डॉ. सुधीर तोमर, डॉ. भरत, डॉ. भावेश, डॉ. सुमित सिंह, डॉ. गौरव, डॉ. वैशाली, हनी गुप्ता और डॉ. अंकुर विशेष रूप से उपस्थित रहे और अभियान को सफल बनाया।

इंडियन डेंटल एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने अंत में दोहराया कि एसोसिएशन समाज को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के लिए इस प्रकार के सामाजिक व जनहित अभियानों को भविष्य में भी निरंतर जारी रखने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

# विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर दी गई चेतना



वेलकम इंडिया संवाददाता

**स्याना/बुलंदशहर।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर नागरिकों को तंबाकू की लत छोड़ने के प्रति जागरूक किया गया। तंबाकू से कैंसर के खतरे के प्रति आगाह करते हुए तंबाकू के जानलेवा होने की चेतना दी गई। तंबाकू की लत के दुष्परिणामों के प्रति नागरिकों से वातालर्प करते हुए हिंदजन सेवा समिति अध्यक्ष ललित त्रिवेदी ने कहा कि हमेशा अच्छी खाद्य पदार्थो का ही सेवन कर स्वास्थ्य को उत्तम रखें। बताया कि तंबाकू उत्पादों पर स्पष्ट चेतावनी अंकित रहती है कि तंबाकू जानलेवा है तथा इसके सेवन से कैंसर जैसा घातक रोग घेर कर धन, स्वास्थ्य, परिवार में शोक विषाद जैसी परिणिति देता है। संजय श्रोत्रिय ने नागरिकों से तंबाकू को न कहने की अपील की। जागरूकता अभियान में अभय त्रिवेदी, विजय श्रोत्रिय, रोहित, संजय कुमार, विकी, धर्मेंद्र कुमार, कुणाल, मोहन शर्मा अशरफ मीर घासीराम आदि ने सहयोग किया।

# मंदिर के पास जलभराव से ग्रामीण परेशान समाधान कराने की डीएम से की मांग

वेलकम इंडिया संवाददाता



**शिकारपुर/बुलंदशहर।** पहासू ब्लॉक क्षेत्र के गांव असरौली नगला में मंदिर के निकट रास्ते पर जल भराव को लेकर ग्राम प्रधान सेक्रेटरी और बीडीओ के खिलाफ ग्रामीणों का फूटा गुस्सा किया प्रदर्शन। गुस्साए ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान और सेक्रेटरी को रास्ते में जलभराव के लिए ठहराया दोषी कई बार ग्रामीणों ने की थी शिकायत लेकिन उसके बाद भी नहीं किया गया कोई जलभराव की समस्या का समाधान। ग्रामीण सुनील और पवन कुमार आदि ने बताया है कि इसकी शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल से लेकर एसडीएम बीडीओ सहित अन्य अधिकारियों से कर चुके हैं लेकिन आज तक कोई जल निकासी का स्थायी समाधान नहीं हुआ है।

स्थानीय महिला उर्मिला देवी ने बताया है कि मंदिर जाने के लिए यह गांव का मुख्य रास्ता है जिससे पूजा करने के लिए गंदे पानी में होकर गुजरना पड़ता है पूजा के लिए श्रद्धालुओं को परेशानी का सामना करना पड़ता है। गंदे पानी से ग्रामीणों ने बीमारी फैलने की आशंका जताई है वही ग्राम प्रधान और सेक्रेटरी पर ग्रामीणों ने स्वच्छता अभियान को पलीता लगाने का भी आरोप लगाया है मंदिर के आसपास गंदगी का अंबार लगा है सफाई कर्मियों द्वारा कोई सफाई नहीं कराई जाती हैं ग्रामीणों ने डीएम और मुख्यमंत्री से जलभराव की समस्या से निजात दिलाने की मांग की है। इस संबंध में ग्राम प्रधान और एडीओ पंचायत को फोन पर संपर्क किया गया तो उन्होंने फोन उठाना उचित नहीं समझा। इस मौके पर प्रदर्शन के दौरान चंद्रपाल सिंह गौरव चौधरी सुनील कुमार सुखबीर सिंह पवन कुमार जितेंद्र कुमार जोगिंद्री देवी उर्मिला देवी शकुंतला देवी सुरेंद्र सिंह सुंदर वीर बुद्ध सेन ब्रह्मचारी जन्म सिंह आदि ग्रामीण उपस्थित रहे।

# पूर्णिमा पर उमड़ा आस्था का सैलाब, हजारों श्रद्धालुओं ने लगाई गंगा में डुबकी



पूर्णिमा के अवसर पर गंगा घाट पर स्नान, पूजन-अर्चना करते श्रद्धालु

वेलकम इंडिया संवाददाता

**डिबाई।** रविवार को पूर्णिमा के पावन अवसर पर डिबाई क्षेत्र के कर्णवास, एवं अनूपशहर छोटी काशी में हजारों श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान कर पुण्य लाभ अर्जित किया। ब्रह्ममुहूर्त से ही कल्याणी देवी घाट, बजार घाट और मस्तराम घाट (अनूपशहर) अन्य प्रमुख घाटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। गंगा स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजन-अर्चना कर मां कल्याणी देवी के दर्शन किए तथा बच्चों के मुंडन संस्कार भी संपन्न कराए। श्रद्धालुओं ने ब्राह्मणों को दान-दक्षिणा अर्पित कर आशीर्वाद प्राप्त किया। मेले में सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस बल के साथ मुस्तैद रहे। वहीं, किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए विभिन्न स्थानों पर गोताखोरों की टीम भी तैनात की गई।

# रेलवे अधिकारियों के परिवारों को आत्मरक्षा का पाठ, 'करुणा द कम्पैशन' और RPF की संयुक्त पहल को मिली सराहना

## नई दिल्ली में सेल्फ डिफेंस वर्कशॉप, महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण पर जोर

इंद्रेश शर्मा




**नई दिल्ली(वेलकम इंडिया)।** महिलाओं और युवतियों को आत्मरक्षा के प्रति जागरूक और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में नई दिल्ली में एक सराहनीय पहल देखने को मिली। करुणा द कम्पैशन संस्था ने रेलवे प्रोटेक्शन फोर्स यानी फ्ढ्ढऋऔर उत्तर रेलवे महिला कल्याण संगठन के सहयोग से रेलवे अधिकारियों के परिवारों के लिए विशेष सेल्फ डिफेंस वर्कशॉप का आयोजन किया। इस पहल को न सिर्फ प्रतिभागियों ने सराहा बल्कि उत्तर रेलवे महिला कल्याण संगठन ने संस्था को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित भी किया।

नई दिल्ली के पीके रोड रेलवे ऑफिसर्स क्लब में 24 मई और एसपी मार्ग रेलवे ऑफिसर्स क्लब में 31 मई को आयोजित इस सेल्फ डिफेंस वर्कशॉप में महिलाओं और परिवारों को आत्मरक्षा के व्यावहारिक गुर सिखाए गए।

कार्यक्रम में अनुभवी प्रशिक्षकों ने लाइव डेमोंस्ट्रेशन के जरिए रोजमर्रा की परिस्थितियों में खुद को सुरक्षित रखने के तरीके बताए। वर्कशॉप के दौरान प्रतिभागियों को न केवल शारीरिक आत्मरक्षा तकनीकों की जानकारी दी गई बल्कि सुरक्षा जागरूकता, आत्मविश्वास और सतर्कता का भी संदेश दिया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को हर परिस्थिति में खुद की सुरक्षा के लिए सक्षम बनाना रहा। कार्यक्रम की सफलता को देखते हुए उत्तर रेलवे महिला कल्याण संगठन ने करुणा द कम्पैशन और सहयोगी टीम की सराहना करते हुए प्रशंसा पत्र जारी किया। संगठन ने प्रशिक्षकों की प्रोफेशनल क्षमता, समर्पण और समाजहित में किए गए प्रयासों की खुले दिल से तारीफ की।

# भारत, नेहरू की गुटनिरपेक्ष विदेश नीति पर रूस, ईरान और अरब देशों के साथ संतुलित एवं स्वतंत्र संबंध स्थापित करे: मो0 अरशद खान

वेलकम इंडिया ब्यूरो



**जौनपुर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एवं जौनपुर सदर के पूर्व विधायक मोहम्मद अरशद खान ने भारत की विदेश नीति पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि विश्व राजनीति तेजी से बहुध्रुवीय (Multipolar) व्यवस्था की ओर बढ़ रही है। ऐसे समय में भारत को किसी एक महाशक्ति के प्रभाव क्षेत्र में सीमित होने के बजाय अपनी स्वतंत्र, संतुलित और राष्ट्रीय हितों पर आधारित विदेश नीति को और अधिक सशक्त बनाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि स्वतंत्र भारत की विदेश नीति की सबसे बड़ी विशेषता उसकी रणनीतिक स्वायत्तता (Strategic Autonomy) रही है। भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने गुटनिरपेक्ष आंदोलन (Non-Aligned Movement) की अवधारणा को आगे बढ़ाकर विश्व मंच पर भारत को एक स्वतंत्र और सम्मानजनक पहचान दिलाई थी। इस नीति का मूल उद्देश्य यह था कि भारत किसी भी शक्ति-गुट का अनुयायी न बने, बल्कि अपने राष्ट्रीय हितों और विश्व शांति के सिद्धांतों के आधार पर निर्णय ले। मोहम्मद अरशद खान ने कहा कि भारत के ऐतिहासिक रूप से रूस, ईरान तथा अरब देशों के साथ घनिष्ठ और मैत्रीपूर्ण संबंध रहे हैं। रूस ने रक्षा, अंतरिक्ष, ऊर्जा और औद्योगिक विकास के क्षेत्रों में दशकों तक भारत का सहयोग किया है, जबकि ईरान और अरब देशों ने भारत की ऊर्जा सुरक्षा तथा करोड़ों भारतीय प्रवासियों के रोजगार और आर्थिक हितों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

इसलिए भारत की विदेश नीति ऐसी होनी चाहिए जो सभी मित्र देशों के साथ संतुलित और सम्मानजनक संबंध बनाए रखे। उन्होंने कहा कि भारत को अपनी ऊर्जा सुरक्षा, खाद्य सुरक्षा और आर्थिक विकास की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए निर्णय लेने चाहिए। किसी भी बाहरी दबाव या अंतरराष्ट्रीय शक्ति-संतुलन के प्रभाव से ऊपर उठकर राष्ट्रीय हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देना ही एक सशक्त और आत्मनिर्भर राष्ट्र की पहचान है।

मोहम्मद अरशद खान ने कहा कि पश्चिम एशिया में स्थायी शांति, संवाद और कूटनीतिक संतुलन भारत के हित में है। भारत को इजराइल, अरब देशों और ईरान–सभी के साथ रचनात्मक एवं मैत्रीपूर्ण संबंध बनाए रखते हुए शांति, सह-अस्तित्व और सहयोग की नीति पर आगे बढ़ना चाहिए। भारत की ऐतिहासिक भूमिका किसी संघर्ष का पक्षकार बनने की नहीं, बल्कि संवाद, कूटनीति और वैश्विक शांति को बढ़ावा देने की रही है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से आग्रह किया कि भारत की विदेश नीति को और अधिक स्वतंत्र, संतुलित तथा राष्ट्रीय हितों पर आधारित बनाया जाए, ताकि भारत पुनः विकासशील और गुटनिरपेक्ष देशों की आवाज बनकर विश्व मंच पर नेतृत्वकारी भूमिका निभा सके। उन्होंने कहा कि भारत की वास्तविक शक्ति उसकी स्वतंत्र सोच, लोकतांत्रिक मूल्यों, सभ्यतागत विरासत और सभी देशों के साथ सम्मानजनक संबंध स्थापित करने की क्षमता में निहित है।

# एनसीसी के वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में कैडेट्स को अनुशासन का पाठ पढ़ाया

## नशा मुक्त भारत जागरूकता रैली का आयोजन

**अनिल वशिष्ठ**




**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** 35 बटालियन एनसीसी द्वारा चलने वाले संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन बटालियन कमांडिंग ऑफिसर कर्नल पीयूष कुमार सिंह ने कैंप के ओपनिंग एड्रेस में सभी कैडेटों दस दिन तक चलने शिविर में अनुशासन में रहते हुए प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिये प्रेरित किया और कहा आप इस देश के अनुशासित, एकजुट और देशभक्त युवा हैं।

उन्होंने कहा कि यह शिविर 10 दिनों का है, परन्तु यहाँ से मिलने वाला प्रशिक्षण जीवन भर काम आएगा। इस शिविर के तीन मुख्य उद्देश्य हैं:- अनुशासन. एकता और भाईचारा, नेतृत्व है। दूसरे चरण में 35 यूपी बटालियन एनसीसी के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल पीयूष कुमार सिंह तथा एडम ऑफिसर गुरमीत सिंह गुजराल के नेतृत्व में नशा मुक्त भारत जागरूकता रैली का सफल शुभारंभ किया।

रैली को एस आर एम यूनिवर्सिटी के डीन प्रोफेसर डॉ आर पी महापात्रा ने हरी झंडी दिखा कर रवाना किया । रैली का संचालन सुबेदार मेजर लेफ्टिनेंट परमानंद, फर्स्ट ऑफिसर रितेश राय, लेफ्टिनेंट रजनीश जिंदल, सेकेंड ऑफिसर गुडडु गुप्ता ने किया।

रैली में कैडेटों ने हम सब का बस ये ही सपना नशा मुक्त हो भारत अपना ' जैसे नारे लगाकर लोगों को जागरूक किया।

रैली को सफल बनाने में सी टी ओ डॉ ए- कथिरेशन, इंस्ट्रक्टर देवराज, बी एच एम पंकज कुमार, सुबेदार सूर्यमान घाले, गर्ल कैडेट इंस्ट्रक्टर सोनिया तथा ज्योती आदि ने महत्वपूर्ण सहयोग किया।

# छाया पब्लिक स्कूल में 15 दिवसीय समर कैंप का समापन

## संस्कारों के बिना अधूरी है शिक्षा: श्रीचंद शर्मा

**अनिल वशिष्ठ**



**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** गोविंदपुरी स्थित छाया पब्लिक स्कूल में आयोजित 15 दिवसीय समर कैंप के समापन में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए मेरठ सहारनपुर शिक्षक एम एल सी श्रीचंद शर्मा ने कहा कि बिना संस्कारों के शिक्षा अधूरी है और जब तक हम बच्चों को संस्कारो रहित शिक्षा नहीं देंगे तब तक शिक्षा का कोई लाभ नहीं होगा। आज बच्चे पढ़ाई करके देश को अपनी सेवाएँ प्रदान कर रहे हैं। ये एक अच्छी बात है आज हमारी प्रतिभा विदेश जाने की बजाए देश में ही अपने को स्थापित कर रहे है ये अच्छा संकेत है।

छाया पब्लिक स्कूल को राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित करना हम सभी के लिए बेहद गर्व की बात है और यहाँ शिक्षा ,संस्कार ,खेल और हर गतिविधियों को आगे बढ़ाने का निरंतर प्रयास किया जाता है और आज यहाँ के पढ़े हुए बच्चे देश विदेश में हर क्षेत्र में अपना परचम लहरा रहे है। विद्यालय के प्रबंधक अखिलेश द्विवेदी द्वारा सभी मेहमानों को शॉल व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर अरुण त्यागी ने बताया कि 15 दिवसीय इस विशेष शिविर में 20 से अधिक विधाओं का प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर नगरपालिका चेयरमैन विनोद वैशाली ,डॉ देवराज शर्मा, सतेंद्र तोमर ,देवेंद्र चौधरी ,सभासद रजनीश चौधरी ,प्रदीप शर्मा ,हेमंत पालीवाल ,ललित सैन,ललित त्यागी ,अरुण खन्ना ,नवीन जयसवाल ,सुबोध मान ,उमेश यादव छात्र छात्राओं शिक्षकों व सम्माननीय अभिभावकों की गरिमामय उपस्थिति रही।

# सुभासपा की राष्ट्रीय कार्यसमिति बैठक में संगठन विस्तार पर मंथन, बूथ स्तर तक मजबूती का लिया संकल्प





**कपिल चौहान**

**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) की राष्ट्रीय कार्यसमिति की महत्वपूर्ण बैठक रविवार को पार्टी के प्रदेश कार्यालय, लखनऊ में संपन्न हुई। बैठक में संगठन की मजबूती, आगामी राजनीतिक रणनीतियों, जनहित से जुड़े मुद्दों तथा पार्टी के विस्तार को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक में सुभासपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर, राष्ट्रीय प्रमुख प्रवक्ता अरुण राजभर सहित राष्ट्रीय कार्यसमिति के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। इस दौरान पार्टी को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने और संगठनात्मक ढांचे को और प्रभावी बनाने पर विशेष जोर दिया गया।

बैठक को संबोधित करते हुए नेताओं ने समाज के वंचित, शोषित एवं पिछड़े वर्गों के अधिकारों की रक्षा के लिए पार्टी की प्रतिबद्धता दोहराई। साथ ही प्रदेश के विकास और जनकल्याणकारी योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने में संगठन की सक्रिय भूमिका पर भी विचार-विमर्श किया गया। कार्यसमिति के सदस्यों ने संगठन विस्तार, कार्यकताओं की भागीदारी बढ़ाने तथा आगामी कार्यक्रमों को लेकर अपने सुझाव प्रस्तुत किए। बैठक के अंत में संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा



पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया। पार्टी नेतृत्व ने बैठक को सफल बताते हुए कहा कि संगठन की एकजुटता और कार्यकताओं की सक्रियता के बल पर सुभासपा आगामी दिनों में और अधिक मजबूती के साथ जनता के बीच अपनी उपस्थिति दर्ज कराएगी।

# विधान परिषद सदस्य दिनेश कुमार गोयल ने कार्यकताओं संग सुना प्रधानमंत्री का 134वां एपिसोड



**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**गाजियाबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 134वें एपिसोड का रविवार को कविनगर मंडल के बूथ संख्या 469, महिंद्रा एन्क्लेव स्थित पार्षद अमित त्यागी के आवास पर सामूहिक श्रवण किया गया। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों, कार्यकताओं एवं स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए प्रधानमंत्री के विचारों को ध्यानपूर्वक सुना। इस अवसर पर विधान परिषद सदस्य दिनेश कुमार गोयल मुख्य रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने कार्यकताओं के साथ कार्यक्रम का श्रवण करते हुए प्रधानमंत्री द्वारा देशहित, सामाजिक जागरूकता, जनभागीदारी, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और राष्ट्र निर्माण से जुड़े विभिन्न विषयों पर व्यक्त विचारों को सुना तथा उन्हें जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित कार्यकताओं ने प्रधानमंत्री द्वारा साझा किए गए प्रेरक प्रसंगों और सकारात्मक संदेशों को समाज के लिए उपयोगी बताते हुए उनकी सराहना की। वक्ताओं ने कहा कि 'मन की बातइ केवल एक रेडियो कार्यक्रम नहीं, बल्कि देशवासियों को जोडऩे वाला एक प्रभावशाली संवाद मंच बन चुका है, जो समाज में सकारात्मक परिवर्तन और जनजागरूकता को बढ़ावा देने का कार्य कर रहा है।

# राज कुमार गोयल प्रौद्योगिकी संस्थान को मिला प्रतिष्ठित राष्ट्रीय सम्मान

**वेलकम इंडिया संवाददाता**




**गाजियाबाद।** राज कुमार गोयल प्रौद्योगिकी संस्थान (आरकेजीआईटी) ने शिक्षा के क्षेत्र में एक और गौरवपूर्ण उपलब्धि अर्जित की है। संस्थान को बेंगलुरु में आयोजित 'इंडिया एलीट एजुकेशन एंड इंस्टीट्यूशनल एक्सीलेंस अवॉड्र्स 2026' में प्रतिष्ठित सम्मान से नवाजा गया। संस्थान को 'ट्रस्टेड एंड फ्यूचरिस्टिक इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी कॉलेज ऑफ द ईयर 2026' सम्मान प्रदान किया गया। यह सम्मान गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, उत्कृष्ट प्रशासन, श्रेष्ठ प्लेसमेंट एवं आधुनिक आधारभूत संरचना के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त संस्थान को 'एक्सीलेंस इन एजुकेशनल स्टैंडड्र्स, अडैप्टेबिलिटी एंड इम्प्लीमेंटेशन' सम्मान से भी सम्मानित किया गया, जो शिक्षा के उच्च मानकों, नवाचार एवं प्रभावी क्रियान्वयन के प्रति संस्थान की प्रतिबद्धता को दशार्ता है। यह सम्मान संस्थान के कार्यकारी निदेशक डॉ. डी. के. चौहान ने संस्थान की ओर से ग्रहण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि संस्थान के शिक्षकों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों, पूर्व विद्यार्थियों तथा प्रबंधन के सामूहिक समर्पण, कठोर परिश्रम एवं उत्कृष्टता के प्रति निरंतर प्रतिबद्धता का परिणाम है। डॉ. चौहान ने कहा कि यह सम्मान संस्थान परिवार के लिए गर्व का विषय है तथा भविष्य में और अधिक उत्कृष्ट उपलब्धियाँ प्राप्त करने के लिए प्रेरणास्रोत बनेगा। उन्होंने इस उपलब्धि के लिए संस्थान से जुड़े सभी शिक्षकों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों, पूर्व विद्यार्थियों एवं शुभचिंतकों को हार्दिक बधाई दी।

# प्रधानमंत्री के रेडियो कार्यक्रम मन की बात का सामूहिक श्रवण किया



**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**गाजियाबाद।** कविनगर मंडल अंतर्गत बूथ संख्या 469, महिंद्रा एंक्लेव स्थित पार्षद अमित त्यागी के आवास पर दिनेश कुमार गोयल एम एल सी द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 134 वें एपिसोड का सामूहिक श्रवण किया गया। इस अवसर पर कार्यकताओं ने प्रधानमंत्री द्वारा देश हित, सामाजिक जागरूकता एवं जनभागीदारी से जुड़े विभिन्न विषयों पर रखे गए विचारों को ध्यानपूर्वक सुना। कार्यक्रम में मंडल प्रभारी डॉ. राजेंद्र यादव , पूर्व पार्षद मृदुला अग्रवाल , पूर्व मंडल अध्यक्ष दुष्यंत पुंडीर, बूथ अध्यक्ष अंकित त्यागी तथा वार्ड अध्यक्ष अतरपाल कौशिक सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# एशियन पैरा गेम्स में देश को दिलाना था गोल्ड, उससे पहले ही बुझ गया चिराग

## 400 मीटर दौड़ में इंटरनेशनल गोल्ड जीतकर एशियन पैरा गेम्स के लिए किया था क्वालीफाई

**वेलकम इंडिया संवाददाता**



**गाजियाबाद।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन करने का सपना संजोए एक होनहार पैरा एथलीट की जिंदगी शनिवार को अपराधियों की गोली का शिकार हो गई। मुरादनगर क्षेत्र के बसंतपुर सैंथली निवासी 25 वर्षीय पैरा एथलीट चिराग त्यागी की हत्या ने न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे खेल जगत को गहरे सदमे में डाल दिया है। चिराग आगामी अक्टूबर में जापान में होने वाले एशियन पैरा गेम्स की तैयारी में जुटे थे और उनसे देश को स्वर्ण पदक की बड़ी उम्मीद थी। चिराग दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम स्थित साईं हॉस्टल में रहकर कोच गजेंद्र के निर्देशन में कड़ी मेहनत कर रहे थे। हाल ही में बंगलुरु में आयोजित 8वीं इंडियन ओपन इंटरनेशनल पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप-2026 में उन्होंने 400 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया था। इसी शानदार प्रदर्शन के दम पर उनका चयन एशियन पैरा गेम्स के लिए हुआ था। परिजनों के अनुसार, चिराग बचपन से आंखों की समस्या से जूझ रहे थे, लेकिन उन्होंने अपनी शारीरिक चुनौती को कभी कमजोरी नहीं बनने दिया। सीमित संसाधनों और कठिन परिस्थितियों के बावजूद उन्होंने लगातार अभ्यास जारी रखा और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी अलग पहचान बनाई। कुछ वर्ष पूर्व मुरादनगर गंगनहर से नया बस अड्डा तक की दूरी मात्र 40 मिनट में तय कर उन्होंने सुर्खियां बटोरी थीं। चिराग के मामा के बेटे विवेक त्यागी ने बताया कि वह देश के लिए स्वर्ण पदक जीतने का सपना देखते थे। एशियन पैरा गेम्स को लेकर बेहद उत्साहित थे और दिन-रात तैयारी कर रहे थे। बंगलुरु में स्वर्ण पदक जीतने के बाद उनका आत्मविश्वास और भी बढ़ गया था। परिवार के इकलौते बेटे की हत्या से परिजन बदहवास हैं, जबकि गांव और खेल जगत में शोक की लहर दौड़ गई है। शनिवार को नया बस अड्डा क्षेत्र स्थित साईं उपवन में चिराग का शव लहूलुहान अवस्था में मिला था। घटनास्थल पर बड़ी मात्रा में खून फैला हुआ था और उनके चेहरे पर भी चोटों के निशान दिखाई दिए। मौके के हालात देखकर पुलिस ने आशंका जताई कि हत्या से पहले चिराग और आरोपी के बीच संघर्ष हुआ था। पुलिस जब उन्हें जिला एमएमजी अस्पताल लेकर पहुंची तो चिकित्सकों ने प्रारंभिक जांच में करंट लगने की संभावना भी जताई थी। हालांकि पीठ पर गोली लगने का निशान मिलने के बाद मामला हत्या का निकला। डॉक्टरों ने शव का एक्स-रे कराया, जिसमें शरीर में दो गोलियां मिलीं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से यह स्पष्ट होगा कि मौत केवल गोली लगने से हुई या फिर सिर पर किसी भारी वस्तु से वार भी किया गया था। साथ ही यह भी सामने आएगा कि हत्या से पहले उनके साथ मारपीट हुई थी या नहीं। मामले में पुलिस ने मुरादनगर निवासी पैरा एथलीट यश खटीक को हिरासत में लिया है। शुरूआती पूछताछ में उसने तमंचे से दो गोलियां मारकर हत्या करने की बात स्वीकार की है। पुलिस के अनुसार आरोपी ने चार दिन पहले ही तमंचा खरीदा था। हत्या के बाद वह अपने घर लौट गया। बताया जा रहा है कि चिराग की गर्लफ्रेंड ने यश को फोन कर चिराग का फोन न उठने की जानकारी दी थी, जिस पर उसने जल्द आने का आश्वासन दिया, लेकिन वह मौके पर नहीं पहुंचा। पुलिस अब हत्या में इस्तेमाल हथियार की बरामदगी और घटना से जुड़े अन्य पहलुओं की जांच में जुटी है। वहीं पैरा पावर लिफ्टिंग के चेयरमैन जेपी सिंह ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों की जल्द गिरफ्तारी और कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पोस्टमार्टम हाउस पर मुरादनगर विधायक अजितपाल त्यागी भी पहुंचे और परिजनों को सांत्वना दी।

# प्रतिभाओं का महाकुंभ: 235 मेधावियों को मिला सम्मान, गूंजा 'युवा शक्ति ही राष्ट्र की पूंजी' का संदेश

**कपिल चौहान**







**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** राजनगर स्थित आईएमए भवन, ब्लॉक-8 में राष्ट्रवादी जनसेवक समिति द्वारा आयोजित ह्लप्रतिभा सम्मान समारोह-2026ह्व में शिक्षा, खेल, सांस्कृतिक एवं सामाजिक क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली 235 प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। समारोह में मेधावी छात्र-छात्राओं को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद अतुल गर्ग रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में डिप्टी मेयर प्रवीण चौधरी और मनस्वी वाणी के संपादक संदीप सिंघल मौजूद रहे। अतिथियों ने विद्यार्थियों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए उन्हें निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि युवाओं की प्रतिभा ही राष्ट्र की असली पूंजी है और ऐसे सम्मान समारोह युवाओं को नई ऊंचाइयों तक पहुंचने का संबल प्रदान करते हैं। डिप्टी मेयर प्रवीण चौधरी ने कहा कि सम्मानित हो रही प्रतिभाएं देश का भविष्य हैं और उन्हें अपने व्यक्तिगत लक्ष्यों के साथ-साथ राष्ट्रहित को भी प्राथमिकता देनी चाहिए। समिति के सचिव राजेश त्यागी ने बताया कि राष्ट्रवादी जनसेवक समिति पिछले 12 वर्षों से गरीब बच्चों की शिक्षा और सामाजिक उत्थान के लिए कार्य कर रही है तथा भविष्य में भी प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए ऐसे आयोजन जारी रखे जाएंगे। समारोह में कक्षा 10 के छात्र दक्ष शर्मा को 99.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल करने पर विशेष सम्मान दिया गया। वहीं कक्षा 12 में श्रेया जैन ने 98.4 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। विधि गुप्ता और शुभांशु जायसवाल को द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार प्रदान किए गए। इसके अलावा कार्तिक शर्मा और आरुषि चौधरी को भी उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर निशांत शर्मा, मेघा जैन, राजेश सैनी, मनीष त्यागी, पंकज अरोड़ा, गौरव स्वामी, गौरव अरोड़ा और तुषार गुप्ता सहित समिति के अनेक पदाधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। समारोह का समापन सभी प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना के साथ हुआ।

# डॉ. सचिन चन्द्र वैश्य बने गाजियाबाद के नए सीएमओ

**गाजियाबाद(वेलकम इंडिया)।** करीब दो महीने से रिक्त चल रहे मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) के पद पर आखिरकार शासन ने स्थायी नियुक्ति कर दी है। प्रांतीय चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवा संवर्ग के वरिष्ठ अधिकारी डॉ. सचिन चन्द्र वैश्य को गाजियाबाद का नया मुख्य चिकित्सा अधिकारी नियुक्त किया गया है। शासन स्तर से रविवार को जारी आदेश में उन्हें तत्काल प्रभाव से कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं। स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग में जारी तबादला आदेश के अनुसार वर्तमान में लखनऊ में संयुक्त निदेशक (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं) के पद पर तैनात डॉ. सचिन चन्द्र वैश्य को गाजियाबाद का सीएमओ बनाया गया है। शासन के विशेष सचिव रवि रंजन की ओर से जारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू होगी और अधिकारी को शीघ्र कार्यभार ग्रहण करना होगा। गौरतलब है कि गाजियाबाद के तत्कालीन सीएमओ डॉ. अखिलेश मोहन 31 मार्च को सेवानिवृत्त हो गए थे। उनके सेवानिवृत्त होने के बाद जिले में सीएमओ का पद खाली चल रहा था। इस दौरान स्वास्थ्य सेवाओं के संचालन की जिम्मेदारी एसीएमओ डॉ. अमित विक्रम को कार्यवाहक सीएमओ के रूप में सौंपी गई थी। हालांकि कार्यवाहक सीएमओ का चार्ज दिए जाने के बाद विभाग के भीतर वरिष्ठता को लेकर विवाद भी सामने आया था। एसीएमओ डॉ. नीरज अग्रवाल ने इस नियुक्ति पर आपत्ति जताते हुए उच्चाधिकारियों को पत्र भेजा था। उन्होंने आरोप लगाया था कि उनकी वरिष्ठता की अनदेखी कर कनिष्ठ अधिकारी को कार्यवाहक सीएमओ का दायित्व सौंपा गया है। मामले को गंभीरता से लेते हुए अपर निदेशक मेरठ ने संबंधित अधिकारियों से स्पष्टीकरण भी मांगा था। बताया जा रहा है कि इस प्रकरण की जांच अभी भी जारी है। ऐसे में शासन द्वारा स्थायी सीएमओ की नियुक्ति किए जाने के बाद स्वास्थ्य विभाग में चल रही असमंजस की स्थिति समाप्त होने की उम्मीद है। नए सीएमओ के आने से जिले में स्वास्थ्य सेवाओं, सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन, अस्पतालों की व्यवस्थाओं और लंबित प्रशासनिक मामलों को गति मिलने की संभावना जताई जा रही है। डॉ. सचिन चन्द्र वैश्य प्रांतीय चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवा संवर्ग के वरिष्ठ अधिकारी हैं और उनका वरिष्ठता क्रमांक 10978 है।

# वैशाली की जरी फैक्ट्री में भड़की आग की लपटें, 10 दमकल गाड़ियों ने घंटों की मशक्कत के बाद पाया काबू






कपिल चौहान

**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** साहिबाबाद के औद्योगिक क्षेत्र साइट-4 स्थित एक जरी फैक्ट्री में रविवार सुबह भीषण आग लगने से हड़कंप मच गया। आग इतनी विकराल थी कि दूर-दूर तक धुएं का गुबार दिखाई देने लगा। सूचना मिलते ही फायर विभाग की कई टीमें मौके पर पहुंचीं और बड़े स्तर पर राहत एवं बचाव अभियान शुरू किया गया। राहत की बात यह रही कि इस अग्निकांड में कोई जनहानि नहीं हुई। फायर विभाग के अनुसार, 31 मई की सुबह करीब 7:30 बजे फायर स्टेशन वैशाली को प्लॉट संख्या 42/46 स्थित फैक्ट्री में आग लगने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही मुख्य अग्निशमन अधिकारी गाजियाबाद, प्रभारी अधिकारी साहिबाबाद, लोनी तथा वैशाली और साहिबाबाद फायर स्टेशनों से दमकल गाड़ियां तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना की गईं। मौके पर पहुंचने पर दमकल कर्मियों ने देखा कि आग फैक्ट्री के बड़े हिस्से में फैल चुकी है और तेजी से विकराल रूप धारण कर रही है। हालात की गंभीरता को देखते हुए फायर स्टेशन कोतवाली और नोएडा से भी अतिरिक्त दमकल गाड़ियां बुलाई गईं। कुल 10 फायर टेंडरों की मदद से आग बुझाने का अभियान चलाया गया।

मुख्य अग्निशमन अधिकारी के निर्देशन में दमकल कर्मियों ने चारों ओर से पाइप लाइन बिछाकर आग को घेर लिया और बुझाने का कार्य शुरू किया। हालांकि फैक्ट्री परिसर में क्षतिग्रस्त टीन शेड और अंदर रखे ज्वलनशील सामान के कारण आग बुझाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। बाद में जेसीबी मशीन की सहायता से क्षतिग्रस्त हिस्सों को हटाया गया, जिससे दमकल कर्मियों को अंदर तक पहुंचने में मदद मिली और आग पर प्रभावी ढंग से काबू पाया जा सका।

आग बुझने के बाद किए गए निरीक्षण में पता चला कि आग मेसर्स जैन जरी क्रिएशन नामक फैक्ट्री में लगी थी, जहां पॉलिस्टर धागे का निर्माण किया जाता है। आग से फैक्ट्री को काफी नुकसान होने की आशंका जताई जा रही है, हालांकि नुकसान का आकलन अभी किया जा रहा है।

फायर विभाग के अधिकारियों ने बताया कि समय रहते की गई कार्रवाई के कारण आग को आसपास की अन्य फैक्ट्रियों तक फैलने से रोक लिया गया। इस पूरे अग्निकांड में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

# शराब पीकर गाड़ी चलाना पड़ा भारी, काटा गया 10,000 का चालान

## 2 दिन के अभियान में काटे गए चालान

सुमित सोरेन





**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** साहिबाबाद क्षेत्र स्थित पासपोर्ट सेवा केंद्र के पास शराब के नशे में वाहन चलाना एक व्यक्ति को भारी पड़ गया, मौके पर मौजूद यातायात प्रभारी संजय त्यागी ने तत्परता दिखाते हुए वाहन को रुकवाया और उसकी जांच करवाई, जाँच के दौरान ब्रेथ एनालाइजर मशीन से परीक्षण किया गया , जिसमें चालक के शराब के नशे में होने की पुष्टि हुई, इसके बाद संबंधित धाराओं के तहत 10,000 का चालान काटा गया। बताते चले डीसीपी यातायात गाजियाबाद के निर्देशन में 2 दिन का अभियान भी चलाया गया जिसमें , मोडिफाई साइलेंसर, प्रेशर होरन, हूटर, ड्रिंक एंड ड्राइव और नाबालिगों द्वारा गाड़ी चलाने वालों पर कार्रवाई की गई एवं यातायात के नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गई। यातायात पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि शराब के नशे में किसी भी तरह के वाहन को चलाने से बचे। यह न केवल आपकी बल्कि दूसरों की जान के लिए भी खतरा हो सकता है, नियमों का पालन करे और सुरक्षित यात्रा करे।

# मिशन शक्ति-5 के तहत महिलाओं को किया गया जागरूक, साइबर अपराध से बचाव की दी जानकारी



कपिल चौहान

**नोएडा।** कमिश्नरेट गौतमबुद्ध नगर पुलिस द्वारा महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चलाए जा रहे मिशन शक्ति-5 (द्वितीय चरण) के अंतर्गत थाना सेक्टर-63 क्षेत्र के छिजारसी में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। पुलिस आयुक्त के निर्देशन एवं पुलिस उपायुक्त महिला सुरक्षा के पर्यवेक्षण में आयोजित इस कार्यक्रम में महिला सुरक्षा टीम एवं साइबर टीम ने बड़ी संख्या में महिलाओं को एकत्रित कर उन्हें महिला सुरक्षा, महिला संबंधी अपराधों, साइबर अपराधों तथा उनसे बचाव के उपायों के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों, आपातकालीन सहायता सेवाओं तथा ऑनलाइन ठगी और साइबर अपराधों से सुरक्षित रहने के तरीकों से अवगत कराया गया। पुलिस अधिकारियों ने महिलाओं से किसी भी प्रकार की आपराधिक या संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की।

इस अवसर पर उपस्थित महिलाओं को जागरूकता संबंधी पंपलेट भी वितरित किए गए, जिनमें महिला सुरक्षा, साइबर सुरक्षा और सरकारी हेल्पलाइन सेवाओं की जानकारी दी गई है। पुलिस ने कहा कि मिशन शक्ति अभियान का उद्देश्य महिलाओं में सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उन्हें आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाना है।

पुलिस के इस जागरूकता अभियान को महिलाओं ने सराहा और भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाने की अपेक्षा जताई।

# 'मन की बात' के 134वें एपिसोड का भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया सामूहिक श्रवण

वेलकम इंडिया संवाददाता





**गाजियाबाद।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लोकप्रिय मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 134वें एपिसोड का रविवार को भाजपा महानगर गाजियाबाद द्वारा सभी बूथों पर सामूहिक रूप से श्रवण एवं अवलोकन किया गया। इसी क्रम में राजनगर मंडल के बूथ संख्या 398 पर आयोजित कार्यक्रम में गाजियाबाद के सांसद अतुल गर्ग, मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी, भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल, मंडल अध्यक्ष नीरज त्यागी तथा बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

इस अवसर पर सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि 'मन की बात' कार्यक्रम समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने वाले व्यक्तियों और संगठनों के प्रेरणादायक कार्यों को राष्ट्रीय मंच प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विचार नागरिकों को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करते हैं तथा विकसित भारत के संकल्प को मजबूत बनाते हैं।

मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी ने कहा कि 'मन की बात' केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि समाज में सकारात्मक बदलाव का एक सशक्त जन-जागरूकता अभियान बन चुका है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में साझा किए जाने वाले प्रेरक प्रसंग युवाओं, महिलाओं, किसानों और समाज के विभिन्न वर्गों को आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। साथ ही यह राष्ट्रहित और सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने बताया कि गाजियाबाद महानगर के सभी मंडलों एवं बूथों पर कार्यकताओं और नागरिकों ने उत्साहपूर्वक 'मन की बात' कार्यक्रम को सुना और देखा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के संदेश सेवा, समर्पण, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और राष्ट्र प्रथम की भावना को सुदृढ़ करते हैं। संगठन के कार्यकर्ता इन विचारों और संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे।

कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जल संरक्षण, पर्यावरण संवर्धन, स्वच्छता, महिला सशक्तिकरण, युवाओं के नवाचार, स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने तथा समाज में सकारात्मक बदलाव ला रहे व्यक्तियों और संस्थाओं के प्रयासों का उल्लेख किया।

उन्होंने विकसित भारत के निर्माण में जनभागीदारी को सबसे बड़ी शक्ति बताते हुए नागरिकों से सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष नीरज त्यागी सहित भाजपा के अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने प्रधानमंत्री के संदेशों को समाज के विभिन्न वर्गों तक पहुंचाने और राष्ट्र निर्माण के कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाने का संकल्प लिया।

# लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर जयंती पर देशभर में श्रद्धांजलि, सुशासन और जनकल्याण के आदर्शों को किया याद




कपिल चौहान

**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** गाजियाबाद मे लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की जयंती शनिवार को श्रद्धा, सम्मान और गौरव के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक कार्यक्रमों का आयोजन कर उनके अद्वितीय योगदान को स्मरण किया गया। वक्ताओं ने उनके जीवन को न्याय, सेवा, करुणा और सुशासन का आदर्श बताते हुए समाज को उनके बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया।

31 मई 1725 को जन्मी अहिल्याबाई होल्कर ने विपरीत परिस्थितियों में भी मालवा राज्य का सफल नेतृत्व करते हुए सुशासन और जनकल्याण की मिसाल कायम की। उनकी न्यायप्रियता, दूरदर्शिता और प्रजा के प्रति समर्पण के कारण उन्हें 'लोकमाता' के सम्मान से नवाजा गया। अपने शासनकाल में उन्होंने काशी, सोमनाथ, द्वारका, उज्जैन और गया सहित देश के अनेक धार्मिक स्थलों पर मंदिरों, घाटों, धर्मशालाओं और जनसुविधाओं का निर्माण एवं पुनर्निर्माण कराया।

भारतीय सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और विकास में उनके योगदान को आज भी सम्मान के साथ याद किया जाता है।



महिलाओं के सम्मान, सामाजिक समरसता और कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए किए गए उनके कार्य वर्तमान समय में भी प्रेरणास्त्रोत बने हुए हैं। कार्यक्रमों में उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर ने शासन को जनता की सेवा का माध्यम बनाया और संवेदनशील नेतृत्व का सर्वोच्च उदाहरण प्रस्तुत किया।

जयंती समारोह के दौरान लोगों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी तथा उनके आदर्शों को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर का व्यक्तित्व और कृतित्व आने वाली पीढ़ियों को राष्ट्र निर्माण, सुशासन और मानव सेवा के लिए निरंतर प्रेरित करता रहेगा।

# 25 हजार के इनामी मुख्य आरोपी समेत दो गिरफ्तार, बदले की आग में रची गई थी दीपक नागर हत्याकांड की साजिश

कपिल चौहान




**गौतमबुधनगर।** कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर की थाना इकोटेक-3 पुलिस ने हत्या के चर्चित मामले में बड़ी सफलता हासिल करते हुए 25 हजार रुपये के इनामी मुख्य आरोपी समेत दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे और निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त हथियार, अवैध शस्त्र तथा घटना में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल भी बरामद की है।

पुलिस के अनुसार, मैनुअल इंटेलिजेंस और इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस की मदद से मुख्य आरोपी प्रीत नागर और उसके सहयोगी दीपक उर्फ क्रिश नागर को खैरपुर गोल चक्कर के पास सर्विस रोड से गिरफ्तार किया गया। प्रीत नागर के पास से हत्या में प्रयुक्त .32 बोर की पिस्टल और दो जिंदा कारतूस बरामद हुए, जबकि दीपक उर्फ क्रिश नागर के कब्जे से एक तमंचा, एक खोखा कारतूस और एक जिंदा कारतूस मिला। इसके अलावा आरोपियों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी बरामद कर ली गई।

जांच में सामने आया कि थाना इकोटेक-3 क्षेत्र के ग्राम वेदपुरा में दीपक नागर की गोली मारकर हत्या की गई थी। इस मामले में पुलिस पहले ही छह आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है, जबकि मुख्य आरोपी प्रीत नागर घटना के बाद से फरार चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था।

पूछताछ में आरोपी प्रीत नागर ने बताया कि वर्ष 2011 में उसके पिता कालू की हत्या हुई थी। उस मामले में मृतक दीपक नागर के पिता आरोपी थे, लेकिन बाद में अदालत से बरी हो गए थे।

इसी रंजिश और बदले की भावना के चलते उसने अपने साथियों के साथ मिलकर दीपक नागर की हत्या की योजना बनाई और घटना को अंजाम दिया।

पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायालय में पेश किया है। मामले की आगे की जांच जारी है।

# महारानी अहिल्याबाई होलकर जयंती पर छबील का आयोजन, नामित पार्षद प्रदीप चौधरी का हुआ सम्मान

वेलकम इंडिया संवाददाता




**गाजियाबाद।** महारानी अहिल्याबाई होल्कर की 301वीं जयंती के अवसर पर ऑल इंडिया धनगर (गड़रिया) समाज महासभा एवं महारानी अहिल्याबाई होलकर सेवा समिति, सेक्टर-23 संजय नगर के तत्वावधान में शिल्प उद्यान पार्क के मुख्य द्वार पर मीठे शरबत की छबील लगाकर जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ महारानी अहिल्याबाई होलकर के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने लोकमाता अहिल्याबाई होलकर के व्यक्तित्व एवं कृतित्व का स्मरण करते हुए उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। कार्यक्रम में ऑल इंडिया धनगर समाज महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेंद्र सिंह धनगर, संस्थापक पूरन सिंह पाल, डॉ. प्रवीण पाल, सुभाष पाल, सलोने पाल, महीपाल सिंह धनगर, सुनील पाल, सत्यपाल सिंह धनगर, तुमन सिंह पाल, प्रेम पाल तथा समाज की वरिष्ठ सदस्य श्रीमती फूलवती बघेल सहित बड़ी संख्या में समाज के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. प्रवीण पाल ने कहा कि महारानी अहिल्याबाई होलकर भारतीय इतिहास की ऐसी आदर्श शासक थीं जिन्होंने न्याय, सेवा, महिला सशक्तिकरण और जनकल्याण को शासन व्यवस्था का आधार बनाया। उन्होंने कहा कि उनके द्वारा कराए गए धार्मिक, सामाजिक और लोकहित के कार्य आज भी समाज को प्रेरित करते हैं। उन्होंने युवाओं से लोकमाता के आदर्शों को अपनाकर समाज और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया। इस अवसर पर गाजियाबाद नगर निगम के नामित पार्षद प्रदीप चौधरी ने कहा कि लोकमाता महारानी अहिल्याबाई होलकर का जीवन राष्ट्रसेवा, सामाजिक समरसता और जनकल्याण की अनुपम मिसाल है। उन्होंने बिना किसी भेदभाव के समाज के सभी वर्गों के हित में कार्य किया। काशी विश्वनाथ और सोमनाथ सहित देशभर के अनेक धार्मिक स्थलों के पुनर्निर्माण एवं संरक्षण में उनका योगदान भारतीय इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में अंकित है।

कार्यक्रम के दौरान पाल समाज के पदाधिकारियों एवं गणमान्य लोगों ने प्रदीप चौधरी को गाजियाबाद नगर निगम में नामित पार्षद बनाए जाने पर पुष्पमाला पहनाकर उनका स्वागत एवं सम्मान किया। समाज के प्रतिनिधियों ने कहा कि उनके मनोनयन से क्षेत्र और समाज को एक सक्रिय तथा सशक्त जनप्रतिनिधि मिला है। इस दौरान समाज के लोगों ने नेतृत्व के प्रति आभार भी व्यक्त किया।

कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों ने महारानी अहिल्याबाई होलकर के आदर्शों को जीवन में अपनाने, समाज में सेवा और संगठन की भावना को मजबूत करने तथा सामाजिक सद्भाव और समरसता को बढ़ावा देने का संकल्प लिया। आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं को मीठा शरबत वितरित किया गया और बड़ी संख्या में लोगों ने कार्यक्रम में सहभागिता की।


## गजियाबाद नगर निगम, मोहन नगर जोन

### सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि भवन सं0–18 नया, नगर निगम नम्बर 199 मोहल्ला इन्द्रा गार्डन, साहिबाबाद, गाजियाबाद पिन सं0–MN 315 गाजियाबाद नगर निगम के मोहन नगर जोन सम्पत्ति कर अभिलेखों में वर्तमान में दर्ज नाम श्री जगराम व रामबल सिंह के स्थान पर श्रीमती रामवती के द्वारा रजिस्ट्री के आधार पर अपना नाम दर्ज किये जाने हेतु आवेदन किया गया है। वर्तमान नगर निगम कम्प्यूटर अभिलेख में श्री जगराम व रामबल सिंह का नाम दर्ज है। श्री जगराम पुत्र श्री रामबल चौधरी ने उक्त मकान को अपनी दो पुत्रियां श्रीमती सुनीता पत्नी श्री सतवीर, श्रीमती मंजू पत्नी श्री. लोकेन्द्र सिंह व अपने दामाद श्री संजय पुत्र श्री बाबुराम को पंजीकृत वसीयत की है। श्रीमती सुनीता, श्रीमती मंजू व श्री संजय ने उक्त प्रश्नगत मकान को श्रीमती रामवती को पंजीकृत बैनामा द्वारा विक्रय कर दिया गया है। यदि उपर्युक्त भवन के नाम परिवर्तन किये जाने पर किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति है, तो इस नोटिस चस्पा होने की तिथि से 15 दिवस के भीतर अपनी लिखित आपत्ति मय साक्ष्यों सहित जोनल कार्यालय मोहन नगर जोन, गाजियाबाद नगर निगम में प्राप्त करा सकते है। नियत समयावधि 15 दिवस के अन्दर कोई आपत्ति प्राप्त न होने की स्थिति में आवेदक/आवेदिका श्रीमती रामवती का नाम भवन नम्बर 199 मोहल्ला इन्द्रा गार्डन, साहिबाबाद, गाजियाबाद पिन सं0–MN 315 पर दर्ज कर दिया जायेगा।

कर अधीक्षक
मोहन नगर जोन